सूर्योदय 6:57 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.4 न्यू | 18.2 अधि |
| धर्मशाला | 8.1 न्य | 21.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79802.79 |
| निफ्टी | 24131.10 |
| सोना 78,110 | चांदी 94,336 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


पीवी सिंधू का खिताब का सूखा समाप्त

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 2 दिसंबर 2024 | 17 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 346, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# राज्य चयन आयोग का नाम बदला, पर निजाम नहीं

▶▶ प्रदेश सरकार ने किया था ऐलान, पूरा स्टाफ बदला जाएगा

## ▶▶ स्टाफ की व्यवस्था वही पुरानी; डेढ़ साल बाद फिर लौटे आयोग में और रिटेन किए 16 कर्मचारी भी मर्ज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**हिमाचल** प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद हमीरपुर का भंग किया गया हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग अब राज्य चयन आयोग तो बन गया है, लेकिन व्यवस्था में बदलाव का जो दम सरकार ने भरा था, उस पर फिलहाल सवाल हैं।

आयोग तो सज-धज गया है, लेकिन भीतरी व्यवस्था में वही पुराना स्टाफ 'कतारबद्ध' हो गया है। मतलब साफ है संस्था का नाम तो बदला, लेकिन इसका 'निजाम' कब बदलेगा? बदलेगा भी या फिर पुराने स्टाफ से ही काम चलाया जाएगा? इन्हीं सवालों को लेकर इन दिनों चर्चा हो रही है। 21 फरवरी, 2023 को हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग को भ्रष्टाचार के उजागर होने की वजह से भंग कर दिया था। एसआईटी गठित की गई। विजिलेंस जांच बैठाई गई, जिसका दौर अभी भी जारी है। सरकार ने ऐलान किया था कि संस्था का नाम बदल जाएगा। इस आयोग में पुराने लोगों को तरजीह नहीं दी जाएगी। उन्हें सरप्लस पूल में डालकर दूसरे विभागों में ऑप्शन लेने के बाद समायोजित कर दिया था, लेकिन 16 कर्मचारी ऐसे थे, जिन्हें तकनीकी कर्म से इसी आयोग में रिटेन किए रखा।

अब उन्हें तो पहले ही इस आयोग में फिर से कर्मचारी बना दिया है। लगभग आधा दर्जन ऐसे कर्मचारी भी थे, जो ऑप्शन लेने के बाद दूसरे विभागों में समायोजित कर दिए थे। इनमें से फॉरेस्ट, अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी मंडी, मंडलायुक्त शिमला और मंडी, डीसी ऑफिस चंबा और एडवाइजर एफ एंड एस में 6 कर्मचारी भेजे गए थे, लेकिन एक को छोड़कर पांच फिर से इसी नए आयोग में लौट आए हैं। तत्कालीन आयोग के भंग होने के बाद कुल मिलाकर सरप्लस पूल में 56 कर्मचारी डाले गए थे, इनमें लगभग दो दर्जन अब इसी आयोग का सदस्य बन गए हैं। 56 में 22 कर्मचारियों को अलग कर दिया जाए, तो करीब 34 अब इस आयोग का हिस्सा नहीं हैं। इनमें आधा दर्जन के करीब रिटायर हो गए हैं या फिर मजबूरी में कुछ ने रिटायरमेंट ले ली। (अनंत ज्ञान)




भ्रष्टाचार के चलते 2023 में भंग किया था आयोग

### सरप्लस पूल में गए कर्मचारी खुद को कर रहे 'ठगा' महसूस

**दो** दर्जन से ज्यादा कर्मचारी दूसरे विभागों में नौकरी कर रहे हैं। कुछ प्रमोशन ड्यू थी, उन्हें भी सर्विस के दौरान नुकसान उठाना पड़ा। जो कर्मचारी अब आयोग का हिस्सा बना दिए गए हैं। वहीं, सरप्लस पूल में गए कर्मचारी खुद को 'ठगा' हुआ महसूस कर रहे हैं। कुछ लोग इसे 'पिक एंड चूज' से भी जोड़ रहे हैं। दो लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें उनके ओहदे के मुताबिक दूसरे पदों पर ही समायोजित कर दिया है। इनमें ज्वॉइंट डिप्टी कंट्रोलर (एफ एंड ए) और सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-एक के पद पर अलग तैनातियां हुई हैं।

विजिलेंस की क्लीयरेंस के बाद ही हायर अथॉरिटी फैसला ले रही है। आयोग को अब क्योंकि बेहतर तरीके से चलाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसीलिए इस मोड़ पर यह अब काम कर रहा है।

**विक्रम महाजन, सेक्रेटरी, राज्य चयन आयोग हमीरपुर।**

## न्यूज शॉर्ट्स

### तेलंगाना में मुठभेड़, पुलिस ने सात माओवादी किए ढेर



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के जंगली इलाके में रविवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि एतुरनगरम के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान तेलंगाना पुलिस के विशिष्ट नक्सल रोधी बल 'ग्रेहाउंड्स' और माओवादियों के बीच यह मुठभेड़ हुई। पुलिस ने एके-47 राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

### पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा को किया तलब



**मुंबई।** पोर्नोग्राफी मामले में ईडी ने राज कुंद्रा को समन भेजकर सोमवार 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचने के लिए तलब किया है। राज कुंद्रा के अलावा इस केस से जुड़े सभी लोगों को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। 29 नवंबर को इसी मामले में राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर में ईडी ने छापेमारी की थी। इसके अलावा उनके लिए काम करने वाले लोगों के घर पर भी छापेमारी हुई थी।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▶▶ एचआईवी से निपटने के लिए सीएम ने दिया 3-जी फॉर्मूला -पेज 2
▶▶ दत्तनगर दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र दुग्ध क्रांति में निभाएगा भूमिका -पेज 3
▶▶ पर्यटकों को अगले साल गर्मियों में होगा रोहतांग दर्रे का दीदार -पेज 11
▶▶ देश की आत्मा के लिए है हमारी लड़ाई: प्रियंका गांधी -पेज 13
▶▶ ब्रैथवेट ने लगातार सर्वाधिक टेस्ट खेलने का सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा -पेज 14

# हिमाचल का हक नहीं दे रहा केंद्र : सुक्खू

## कहा- राज्य को पीडीएनए के 10 हजार करोड़ व एनपीए के नौ हजार करोड़ रुपए नहीं मिले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल का हक नहीं दे रही है। उन्होंने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जहां-जहां गैर-भाजपा की सरकार हैं, वहां पर केंद्र सरकार भेदभाव कर रही है।

हिमाचल में जब आपदा आई, तो राज्य सरकार ने नियमों के मुताबिक, पीडीएनए का 10 हजार करोड़ रुपए मांगा। इसके साथ ही लंबे समय से एनपीए का नौ हजार करोड़ रुपए भी मांगे जा रहे हैं। यह प्रदेश सरकार का हक है, जो हिमाचल को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 20 दिसंबर को राजस्थान के जैसलमेर में पूरे देश के वित्त मंत्रियों की एक बैठक होने वाली है, जिसमें वह हिमाचल के वित्त मंत्री के तौर पर हिस्सा लेंगे। सुक्खू ने कहा कि वह प्रदेश के हितों की पैरवी कर रहे हैं और हिमाचल प्रदेश के अधिकारों को लेकर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 दिसंबर को हिमाचल में कांग्रेस सरकार 2 साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। इस दौरान एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुक्खू ने कहा कि यह कोई जश्न नहीं है, बल्कि एक कार्यक्रम है। जश्न शब्द का इस्तेमाल तो सिर्फ राजनीतिक दृष्टि से ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि बीते दो साल का समय हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का वक्त रहा है। सरकार ने हर क्षेत्र में बदलाव करने का काम किया है और विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने में असफल रहा है।

कहा- जहां भी गैर-भाजपा सरकार, वहां हो रहा भेदभाव

### 2032 तक देश का नंबर वन राज्य बनेगा हिमाचल

**सुक्खू** ने कहा कि वह हिमाचल के हितों के लिए काम करते रहेंगे। 2027 तक हिमाचल आत्मनिर्भर बनेगा और वर्ष 2032 तक हिमाचल को देशभर का नंबर वन राज्य बनाएंगे। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में राहुल गांधी और विपक्ष के अन्य नेताओं के खिलाफ डिबेट सुनने के मामले के सवाल पर कहा कि वह नहीं जानते किस तरह की बातें क्यों सामने आ रही हैं। उन्होंने पूर्व कांग्रेस नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम के बयान पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

# भोटा अस्पताल नहीं होगा बंद, सरकार शीत सत्र में लाएगी संशोधन विधेयक

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/हमीरपुर**

भूमि हस्तांतरण का मुद्दा



**राधा** स्वामी सत्संग ब्यास की ओर से संचालित भोटा स्थित चैरिटेबल अस्पताल मरीजों के लिए सोमवार से खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को राधा स्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा से संबंधित भूमि हस्तांतरण के मुद्दे पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी। बैठक के बाद संस्था के संचालकों ने अस्पताल को खुला रखने का फरमान जारी कर दिया है।

बैठक में सीएम ने संशोधन विधेयक का मसौदा तुरंत तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राधा स्वामी सत्संग ब्यास को राहत प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है कि अस्पताल चालू रहे। उन्होंने कहा कि सरकार 18 दिसंबर को धर्मशाला में शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन भूमि सीमा अधिनियम में एक संशोधन विधेयक पेश करेगी। उन्होंने तत्काल संशोधन विधेयक का मसौदा तैयार कर आगामी कैबिनेट बैठक में रखने का निर्देश दिया। सुक्खू ने कहा कि सरकार ने शुरू में संगठन को राहत देने के लिए एक अध्यादेश लाने पर विचार किया था, लेकिन विधानसभा सत्र की निकटता एक संशोधन विधेयक पेश करना अधिक संभव बनाती है। संस्था के प्रशासक वेली राम ने बताया कि मुख्य गेट पर अस्पताल को बंद करने का लगाया गया बोर्ड हटा दिया है।

▶ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक
▶ संस्था के संचालकों ने किया अस्पताल को खुला रखने का फरमान जारी

## रोहतांग दर्रे में हल्की बर्फबारी शीतलहर बढ़ी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने से शीतलहर बढ़ गई है। रविवार को सुबह रोहतांग दर्रे में बर्फबारी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कुछ जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 3 दिन बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है।

वहीं, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में दिनभर शीतलहर का दौर जारी रहा और कड़ाके की ठंड में लोग घरों में दुबके रहे। शिमला में दिनभर हल्के बादल छाए रहे और धूप भी खिली रही। चंबा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, मंडी और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 3 दिसंबर तक बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान है। अन्य जिलों में आगामी सात दिन तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में नवंबर 2024 में नाममात्र बारिश हुई। प्रदेश में नवंबर में साल 1901 से 2024 की अवधि में तीसरी बार सबसे कम बारिश दर्ज की गई।

## दिल्ली चुनाव में कांग्रेस से नहीं होगा गठबंधन : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी (आप) अकेले अपने दम पर लड़ेगी। कांग्रेस पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा।

दिल्ली में विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है यानी अगले साल जनवरी में किसी भी समय विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। लोकसभा चुनाव से पहले 'आप' और कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव दोनों एक साथ लड़े थे। हालांकि, इसमें दोनों पार्टियों को कोई भी सीट नहीं मिली। अक्तूबर में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले 'आप' और कांग्रेस सीट-बंटवारे के समझौता नहीं हो सका। इसके बाद दोनों अलग-अलग चुनाव लड़े थे।

## संभल हिंसा : न्यायिक आयोग ने घटनास्थल और शाही जामा मस्जिद का किया निरीक्षण

**एजेंसी, संभल**



**उत्तर** प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के दो सदस्यों ने रविवार को मस्जिद सहित शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा कर जांच की।

आयोग के प्रमुख एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र कुमार अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन ने कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिद के पास कोट गर्वी इलाके में हिंसा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की ओर से गठित किए गए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने संभल का दौरा किया।

## महाराष्ट्र के सीएम का फैसला भाजपा करेगी, मेरा समर्थन मिलेगा : शिंदे

**एजेंसी, मुंबई**



**महाराष्ट्र** के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में भाजपा फैसला करेगी, जिसे उनका पूरा समर्थन प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार गठन को लेकर महायुति सहयोगियों के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं अब ठीक हूं। व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बाद मैं यहां आराम करने गांव आया था। महायुति में कोई मतभेद नहीं है। सीएम पर फैसला पीएम मोदी और अमित शाह लेंगे। 2 दिसंबर को महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री तय होगा। शिंदे ने कहा कि सरकार गठन पर बातचीत चल रही है और सभी निर्णय महायुति के तीनों सहयोगियों शिवसेना, भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से आम सहमति से लिए जाएंगे।

▶ बोले- महायुति में कोई मतभेद नहीं
आज तय होगा सीएम

## पूर्व पीएम शेख हसीना की रैली पर ग्रेनेड फेंकने वाले सभी आरोपी बरी

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** हाईकोर्ट ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की रैली पर ग्रेनेड हमले के सभी आरोपियों को बरी कर दिया है।

दो बार प्रधानमंत्री रह चुकी खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान का भी नाम शामिल है। तारिक पर हसीना के खिलाफ 2004 में हुए घातक ग्रेनेड हमले की साजिश रचने का आरोप था. हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया कि तारिक रहमान और 48 अन्य को दोषी करार देना अवैध था, क्योंकि ट्रायल कोर्ट ने प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया।

## बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू नेता चिन्मय की जमानत याचिका पर सुनवाई कल

**एजेंसी, ढाका**



बांग्लादेश में हिंदू संत और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास की जमानत की याचिका पर 3 दिसंबर को सुनवाई होगी। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त मोफिज-उर-रहमान के अनुसार, मंगलवार की सुनवाई मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफ-उल-इस्लाम करेंगे।

### ट्रंप ने भारत, चीन समेत सभी ब्रिक्स देशों को दी चेतावनी

# डॉलर के अलावा दूसरी करंसी में ट्रेड किया तो 100% टैरिफ लगाएंगे

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी डॉलर की जगह किसी दूसरी मुद्रा के इस्तेमाल को लेकर ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी। ट्रंप ने भारत, रूस, चीन और ब्राजील समेत नौ देशों के समूह ब्रिक्स से यह वादा करने को कहा कि वे ऐसा नहीं करेंगे।

साल 2009 में स्थापित ब्रिक्स एकमात्र बड़ा अंतरराष्ट्रीय समूह है, जिसमें अमेरिका शामिल नहीं है। ब्रिक्स के अन्य सदस्य दक्षिण अफ्रीका, ईरान, मिस्र, इथोपिया और संयुक्त अरब अमीरात हैं। बीते कुछ वर्षों में ब्रिक्स देश, विशेष रूप से रूस और चीन, अमेरिकी डॉलर के विकल्प के तौर पर ब्रिक्स की अपनी मुद्रा लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, भारत अभी तक ऐसे किसी कदम में शामिल नहीं रहा है। ट्रंप ने शनिवार को ब्रिक्स देशों को ऐसे किसी भी कदम को लेकर आगाह किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश करें और हम मूकदर्शक बनकर देखते रहें, वह दौर अब समाप्त हो चुका है।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे देश वादा करें कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन पर 100 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ ) लगाया जाएगा और उन्हें अद्भुत अमेरिकी बाजारों में अपना सामान बेचने की उम्मीद छोड़ देनी होगी।






# शैक्षणिक संस्थाओं की रैंकिंग करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य : मुख्यमंत्री

## सीएम सुक्खू ने कहा-सभी सरकारी विभागों के एसीआर फार्म में बदलाव किया जाएगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के पीटरहॉफ में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रधानाचार्य सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है जो विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की रैंकिंग कर रहा है, इससे शैक्षणिक संस्थाओं का आत्म निरीक्षण तथा अंकेक्षण सुनिश्चित होगा और उन्हें अपनी कमजोरी व सामर्थ्य का भी पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि जिन शैक्षणिक संस्थाओं की बेहतर रैंकिंग होगी उनके लिए परफार्मेंस बेस्ड ग्रांट की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजकीय स्नातक महाविद्यालयों और संस्कृत महाविद्यालयों के पुस्तकालयों की ग्रेडिंग भी जारी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि अब सभी सरकारी विभागों में वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) फार्म बदले जाएंगे और एसीआर दर्ज करने के लिए न्यूमेरिकल आधारित प्रणाली अपनाई जाएगी। इसके सफल कार्यान्वयन के दृष्टिगत ऑनलाइन प्रणाली विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां बढ़ाई जाएगी। शिक्षा विभाग में डिसेंट्रलाइजेशन आफ पावर किया जाएगा, इस प्रयास से सुशासन के साथ-साथ विभिन्न कार्यों की समयबद्धता भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य को गरीब एवं जरूरतमंद छात्रों को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने की वित्तीय शक्तियां भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार 'हॉरली बेसिज पीरियड कंसेप्ट' (प्रति घंटा आधार पीरियड) पर कार्य कर रही है ताकि अध्यापकों की कमी होने की स्थिति में इस आधार पर सेवाएं ली जा सकें। इसके साथ-साथ नियमित आधार पर अध्यापकों की नियुक्ति भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए जुनून के साथ आगे बढ़ रही है।




### सीएम ने जिला कांगड़ा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ की चर्चा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से जिला की विकासात्मक परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा जिला के विकास को प्राथमिकता दे रही है और पिछले दो वर्ष में जिला का विकास सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी का दर्जा दिया है और क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए भी महत्वाकांक्षी पहल की गई हैं। जिला में धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए प्रयासरत है। प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार उचित मुआवजा देगी और उनकी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे का विस्तार कांगड़ा जिला के विकास के लिए मील पत्थर सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त देहरा में 650 करोड़ रुपए की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्तर का चिड़ियाघर तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार पौंग बांध में भी बिलासपुर की तर्ज पर जल क्रीड़ा गतिविधियां आरंभ करने के लिए प्रयास कर रही है। जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## यूपी से फरार जोड़ा कठोह से काबू

**हीना पठानिया, बड़ूही।** उत्तर प्रदेश पुलिस आई और उत्तर प्रदेश के ही किसी क्षेत्र से घर से भागे हुए एक जोड़े को कठोह से पकड़कर ले गई। इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी अनुसार जिला ऊना के उप मंडल बंगाणा की उप-तहसील जोल के तहत पड़ती ग्राम पंचायत कठोह में स्थित एक बकरी फॉर्म पर प्रवासी मजदूर पिछले 4-5 महीने काम कर रहा था, परंतु बकरी फॉर्म के मालिक द्वारा प्रवासी मजदूर की जानकारी न ही पंचायत और न ही पुलिस चौकी को दी थी। बकरी फार्म पर रहने वाले मजदूर पिछले महीने यूपी से एक लड़की को बहला फुसला कर ले आया था और फिर अपने मालिक के घर रहने लगा, परंतु इसके मालिक ने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। रविवार तड़के अचानक यूपी पुलिस बकरी फॉर्म के मालिक के घर आ पहुंची। पुलिस को देख स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए। यूपी पुलिस द्वारा लड़की को बकरी फॉर्म मालिक अजय के घर से बरामद कर लिया और पुलिस प्रवासी मजदूर और लड़की को साथ ले कर यूपी के लिए रवाना हो गए।(अनंत ज्ञान)

## सड़क हादसे में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल अंब के तहत नंदपुर में पेश आए एक सड़क हादसे में 42 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कपिल देव, पुत्र मूला राम, निवासी वार्ड नंबर 3 गांव व डाकघर नंदपुर, अंब के रूप में हुई है। अंब पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कपिल देव शुक्रवार रात्रि बाइक पर सवार होकर गांव से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक आवारा सांड सड़क पर आ गया, जिसे बचाने के चक्क र में कपिल देव बाइक से नीचे गिर गया। हादसे में बाइक चालक घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही कपिल देव की मौत हो गई। डीएसपी अंब मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राज्यपाल ने गोल्ड मेडल से नवाजे मेधावी



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को सोलन जिला के नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को 12 स्वर्ण पदक प्रदान किए, जिनमें से आठ स्वर्ण पदक, छात्राओं को प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों को बागवानी एवं वानिकी में 119 पीएचडी की उपाधियां भी प्रदान कीं। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने एमएससी और बीएससी के विद्यार्थियों को भी उपाधियां प्रदान कीं। दीक्षांत समारोह में कुल 816 उपाधियां प्रदान की गईं। उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह उनके जीवन का महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि आज के दिन उन्हें वर्षों की मेहनत का फल मिला है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि अधिकतर स्वर्ण पदक विजेता छात्राएं हैं।

उन्होंने कहा कि आज बेटियां उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी और हिमाचल प्रदेश के निर्माता और प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए दिए गए योगदान ने उन्हें अमर बना दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

कहानी-26

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# बबेहड़ के अर्जुन कुएं का जल गंगाजल समान

## पांडवों ने एक रात में बनाए थे पांच कुएं लेकिन अब तीन ही शेष





'हर गांव कुछ कहता है सीरीज में आज बात ऊना जिले के गगरेट विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक महत्व वाले एक गांव की । इस खूबसूरत गांव का नाम है बबेहड़ । नगर पंचायत दौलतपुर चौक के साथ लगते बबेहड़ गांव को वेई नाम से भी जाना जाता है। यह धार्मिक स्थल महाभारत काल से जुड़ा हुआ है । जब पांडवों को 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास हुआ था तो पांडव हिमाचल के कई अलग - अलग इलाकों में रुके थे, जिसके प्रमाण आज भी मौजूद हैं। बबेहड़ गांव में भी पांडव एक रात के लिए रुके थे ।



राकेश कुमार
दौलतपुर चौक

जब उन्हें प्यास लगी तो रातों रात उन्होंने एक -दो नहीं, बल्कि पांच कुएं निकल दिए। कुओं की गहराई भी काफी बताई जाती है । यहां एक प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल है। यह स्थल हिंदू महाकाव्य महाभारत से जुड़ा हुआ है, जिसमें पांडवों की कहानी बताई गई है। प्रत्येक कुएं का अपना एक अलग नाम है ।

इन कुओं के बारे में माना जाता है कि ये पांडवों द्वारा बनाए गए थे, जब वे वनवास के दौरान इस क्षेत्र में आए थे। ये कुएं प्राचीन समय में पानी के मुख्य स्रोत थे।

पांच कुएं एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है और यहां आने वाले पर्यटकों को प्राचीन इतिहास और संस्कृति की झलक मिलती है। गांव के पुराने बुजुर्गों का कहना है कि अगर पांडव एक रात के लिए यहां और रुक जाते तो यह स्थल हरिद्वार के बराबर बन सकता था। यहां पर 13 अप्रैल को बैसाखी का बहुत बड़ा मेला लगता था । लगभग 25 -30 गांवों के लोग इस मेले में इकट्ठे होते थे। पंजाब से भी लोग यहां आते थे । ढोल -नगाड़े बजाए जाते थे। दंगल होते थे और लोग मेले में इकट्ठे होकर खुशी मनाते थे। मेले के बहाने काफी समय के बाद लोगों का आपस में मिलना भी हो जाता था । रखरखाव और अनदेखी के अभाव में वर्तमान में इस स्थल पर अभी तीन कुएं ही दिखाई देते हैं।

एक कुआं जो अर्जुन द्वारा निकल गया था, उसको बहुत पवित्र माना जाता है। बैसाखी के दिन लोग रात को आकर यहां स्नान करते हैं, जिसमें महिलाओं की तादाद काफी रहती है । अर्जुन कुएं का जल गंगाजल के समान मानकर लोग अपने घरों को ले जाते हैं और पुण्य प्राप्त करते हैं। यह स्थल बाबा परब्रह्म परमहंस जी का तपस्या स्थल भी है। बाबा जी ने कई सालों तक यहां तपस्या की थी और इसी स्थान पर उनकी समाधि भी बनी हुई है। यहां उसी समय का बना अद्भुत मंदिर है। वह बहुत जाने-माने संत हुए ।

### धार्मिक स्थल का हो कायाकल्प



ऋषि राणा प्रधान

**प्रधान** ऋषि राणा ने बताया कि काफी समय से इस धार्मिक स्थल का कायाकल्प नहीं हो पाया है। धार्मिक महत्व वाले इस स्थल को महत्व देना किसी ने गंवारा नहीं समझा लेकिन इसका अधिकार जब पंचायत के पास आ जाएगा तो इसकी स्थिति को अवश्य सुधार दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाए तो यहां पर्यटकों की बहार आ सकती है।

### जानवर चट कर रहे फसलें



तिलकराज

**गांववासी** तिलकराज ने बताया कि हमारे गांव में बहुत कम किसान हैं लेकिन जमीन बहुत है । बहुत कम लोग सरकारी नौकरियों पर निर्भर हैं। लोग खेती बाड़ी कर अपना गुजर बसर कर रहे हैं। यहां पहले सिंचाई सुविधा नहीं थी। अभी कई सालों के बाद एक पानी का ट्यूबवेल पास हुआ है तो लोगों की काफी उम्मीद बंधी है। किसानों को भी फसल भेजने में दिक्कत आ रही है, क्योंकि बंदर व अन्य जंगली जानवर फसलों को उजाड़ देते हैं। परेशान होकर काफी किसानों ने खेतों को खुला छोड़ दिया है । फसल की बिजाई बंद कर दी है । यह एक बड़ी समस्या है । इसका समाधान होना चाहिए ।

### पंचायत करवा रही अच्छे कार्य



सतपाल

**पंचायत** घर पर ही एक बुजुर्ग सतपाल जी से जब हमने जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि यहां साल में दो मेले लगते थे । एक 13 अप्रैल को तथा दूसरा मेला होली के समय लगता था। बहुत दूर-दूर से लोग यहां मेलों में आया करते थे, परंतु अब वह पहले वाला समय नहीं रहा । उन्होंने बताया कि आजकल लोग मोबाइल पर ही मस्त रहते हैं। लगभग हमारी पंचायत अच्छे ही कार्य कर रही है । रास्ते बने हुए हैं । डिस्पेंसरी जो कि पहले काफी समय से बंद थी अभी वह चालू हो गई है लेकिन पंचायत में आपस में तालमेल नहीं है । पंचायत के सदस्यों को बीडीओ ऑफिस का भी पता शायद नहीं होगा।

# लंबित सम्मान निधि के आवेदनों पर सरकार कब लेगी फैसला : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार से पूछा है कि सुख सम्मान निधि के 10 लाख से ज्यादा आवेदन सरकार के दफ्तरों में धूल क्यों फांक रहे हैं। कब प्रदेश की 18 साल से 59 साल के आयु वर्ग की सभी महिलाओं को महिला सम्मान निधि मिलना शुरू होगी? प्रदेश में घूम-घूम के मुख्यमंत्री कहते हैं कि हमने महिला सम्मान निधि की गारंटी पूरी कर दी है। मुख्यमंत्री से मैं जानना चाहता हूं कि प्रदेश भर के विभिन्न दफ्तरों में 10 लाख से ज्यादा पड़े हुए फार्म किसके हैं? फोन पर सरकार द्वारा कब सुनवाई की जाएगी ?कब उन आवेदनों की सुध ली जाएगी? आधिकारिक घोषणा को भी 9 महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है।



इसके बाद भी सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं को हर महीनें पैसे क्यों नहीं मिल रहे हैं?

क्या पेंशन का मतलब दो साल में सिर्फ एक किस्त देना होता है? चुनाव के समय सभी महिलाओं से फार्म भरवा कर उन्हें सम्मान निधि की राशि देने की घोषणा करने वाले सरकार बनने के बाद कितने शांत और असहाय क्यों है? जितनी तत्परता से चुनाव के समय कांग्रेस के छोटे-बड़े नेताओं ने यह आश्वासन दिया था उतनी तत्परता से ही क्यों नहीं दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार महिलाओं को सुविधा नहीं दे रही है, उनके लाखों की संख्या में आवेदन सरकारी दफ्तरों में धूल फांक रहे हैं तो कम से कम मुख्यमंत्री कांग्रेस के पोस्टर बॉय बनकर देश भर में झूठ बोलना बंद करें और अपनी नाकामी स्वीकार करें। प्रदेश की मातृशक्ति से झूठ बोलने धोखा देने के लिए माफी भी मांगे। अपनी कुर्सी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिना तैयारी और बजट प्रावधान के सरकार ने सम्मान निधि देने की घोषणा कर दी और हर दिन नए-नए नियम बनाकर प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ लेने से रोकने का प्रयास किया, जिसके कारण चुनाव के समय 7 लाख से ज्यादा आवेदन मिलने के बाद भी मात्र 28,000 महिलाओं को सम्मान निधि की एक किस्त दी गई।

# कांग्रेस सरकार कर रही विश्वविद्यालय की स्वायत्तता से खिलवाड़ : जरयाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रांत सह मंत्री दिशांत जरयाल ने कहा परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित और समाज हित के लिए आवाज बुलंद करती आई है। जरयाल ने कहा कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी से पहले इस विश्वविद्यालय को कलस्टर विश्वविद्यालय दर्जा दिया गया था जो कि अब प्रदेश विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाने लगा है।



1 अप्रैल, 2022 को हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार एक राज्य सरकार विश्वविद्यालय के रूप में अस्तित्व में आया। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी को यूजीसी का 2(एफ) दर्जा प्राप्त है और इसका अधिकार क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के 5 जिलों पर था , जो कि वर्तमान सरकार ने घटा कर 2 जिलों तक कर दिया । विश्वविद्यालय परिसर में यूजी, पीजी और शोध कार्यक्रम पेश किए जा रहे हैं। परंतु वर्तमान सरकार के अस्तित्व में आते ही इस विश्वविद्यालय के साथ सौतेला व्यवहार देखने को मिल रहा है। सरकार ने आते की एसपीयू के दायरे को घटाने का काम, नए शिक्षण संस्थान खोलने की जगह शिक्षण संस्थानों को बंद करना या शिक्षण संस्थानों की संपति को बेचने जैसे काम को गति दी।

दिशांत ने बताया कि बीते दिन भी प्रदेश में खबर सामने आई कि जो शिक्षण संस्थान सुंदरनगर में स्थित था लेकिन कलस्टर विश्वविद्यालय के समय से एसपीयू मंडी की संपति के अंतर्गत आता था जो कि 10 करोड़ की लागत से बन कर तैयार हुआ ऐसे परिसर को मंडी विश्वविद्यालय परीक्षाओं के समय परीक्षा केंद्र के रूप में उपयोग लाता था। उस सरकारी संपति को वर्तमान सरकार उच्च शिक्षा निदेशक से अधिसूचना जारी करवा के निजी महाविद्यालय एम.एल.एस.एम. के नाम करवा जिस से सीपीयू मंडी की स्वायत्तता से एक बार फिर प्रदेश की सरकार द्वारा खिलवाड़ किया गया।

**दुग्ध क्रांति** | सीएम सुक्खू ने 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का किया था उद्घाटन

# दत्तनगर दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र दुग्ध क्रांति में निभाएगा भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला के रामपुर उपमंडल में नवनिर्मित दत्तनगर दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र नई दुग्ध क्रांति में अहम भूमिका निभाएगा। हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन किया है। उल्लेखनीय है कि दत्तनगर में पहले से 20,000 लीटर क्षमता का दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र और 5 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता का एक पाउडर प्लांट 2012 से क्रियाशील है और इस नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के बनने से दत्तनगर में कुल 70,000 लीटर प्रतिदिन की क्षमता हो गई है।

दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र दत्तनगर में 50,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता को क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों के लाभ के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम और हिम गंगा योजना के तहत 25.67 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है, जिससे इस क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों व दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जा सकेगा और लाभ पहुंचाएगा जाएगा। यह संयंत्र दूध, घी, मक्खन, पनीर, लस्सी और फ्लेवर्ड मिल्क का उत्पादन करेगा। संयंत्र के बनने से न केवल क्षेत्र में दुग्ध उत्पादकों को लाभ होगा बल्कि क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

हिमाचल प्रदेश दुग्ध उत्पादक प्रसंघ चार जिलों यानि शिमला, कुल्लू, मंडी और किन्नौर से दूध एकत्र कर रहा है। 2012 के दौरान इन क्षेत्रों में दुग्ध संग्रह मात्र 25000 से 26000 प्रतिदिन था, जो आज की तारीख में बढ़कर 1.00 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है, जिसमें 95 प्रतिशत दूध कुल्लू क्षेत्र से एकत्रित किया जा रहा है।



### हिम गंगा योजना

वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के दुग्ध आधारित अर्थव्यवस्था को विकसित व सुदृढ़ करने के लिए दूध खरीद मूल्य को लागत मूल्य के आधार पर देने के लिए 'हिम गंगा योजना' की शुरुआत इस वित्त वर्ष से कर दी गई है, जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपऐ के बजट का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के द्वारा हिमाचल प्रदेश दुग्ध प्रसंघ ढगवार जिला कांगड़ा में 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन से 3 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले पूरी तरह से स्वचालित संयंत्र लगाया जा रहा है। इस प्रसंस्करण संयंत्र में तरल दूध, 5 मीट्रिक टन प्रतिदिन दही, 5 टन लीटर प्रतिदिन लस्सी, 1 मीट्रिक टन प्रतिदिन टेबल बटर, 2 मीट्रिक टन प्रतिदिन ताजा पनीर, 25 टन लीटर प्रतिदिन यूएचटी उपचारित दूध, बटर मिल्क, लस्सी, 200 किलोग्राम प्रतिदिन खोआ और मोज़्रेला चीज आदि शामिल है।

## खेड़ा की धागा मिल में कामगार की मौत

**बीबीएन।** जिला पुलिस बद्दी के मानपुरा थाना के तहत खेड़ा स्थित एक सिद्धार्थ स्पिनिंग मिल में एक कामगार की मौत और एक घायल होने का मामला दर्ज कर आगामी करवाई शुरू की।

जानकारी के अनुसार सिद्धार्था स्पिनिंग मिल खेड़ा में अवदेश नाम के कामगार की जीन्स और शर्ट डाई हाउस में लगे हाइड्रो स्ट्रक्चर मशीन की चपेट में जाने के कारण काफी चोटें आई और घायल हो गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही अन्य कामगार रामदुलारे भी जख्मी हुआ जिसे नालागढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने बताया कि यह हादसा हाइड्रो स्ट्रक्चर के पास कोई सुरक्षा के इंतजाम तथा घेरा न होने के कारण तथा कंपनी द्वारा उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न होने के कारण हुआ है, जिस पर पुलिस ने छान बीन शुरू कर आगामी जांच करवाई शुरू की। जिला पुलिस बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की।

# बजरंग दल शिमला ने 501 युवाओं को दी त्रिशूल दीक्षा




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शिमला की ओर से शहर के सरस्वती विद्या मंदिर, विकासनगर में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, मुख्यातिथि मेजर जनरल अतुल कौशिक, प्रांत मंत्री तुषार डोगरा, प्रांत संगठन मंत्री प्रेम शंकर, प्रांत उपाध्यक्ष सुनील, प्रांत कोषाध्यक्ष राजेन्द्र भारद्वाज, प्रांत सह सेवा प्रमुख विजयेंद्र पाल सिंह, जिला अध्यक्ष, जिला संयोजक ने भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में करीब 501 युवाओं को त्रिशूल दीक्षा दिलाई गई। मुख्य अतिथि अतुल कौशिक ने कहा कि समाज में भेदभाव मिटे, समाज मे समरसता आए और सभी एक साथ बैठे, उन्होंने युवाओं को देश के प्रति कैसे राष्टीयता दिखानी चाहिए उसके लिए अनेक बातें बताई।

## न्यूज ब्रीफ

### कुठमां में राहगीर से 112.06 ग्राम चरस बरामद



**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के अंतर्गत बीती रात दस बजे के लगभग गांव कुठमां में शनिदेव मंदिर के पास राजोल की तरफ से आ रहे 21 वर्ष युवक अखिल कुमार से 112.06 ग्राम चरस बरामद की गई है। जानकारी देते हुए गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह ठाकुर ने बताया गत रात्रि गस्त के दौरान पुलिस टीम ए एस आई, प्रमोद सिंह, सचिन, सुखदेव सिंह, हेड कांस्टेबल सुदेश कुमार, सर्वेश, अंकुर आदि की टीम ने पैदल आ रहे आरोपी अखिल से 112.06 चरस बरामद की। चरस को स्थानीय प्रधान रवि चौधरी की अध्यक्षता में आरोपी अखिल से चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी से चरस बरामद करके मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है। आरोपी अखिल गांव वीहू जोगिंदर नगर मंडी का रहना बाला बताया जाता है। प्रभारी ने बताया कि आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया। जाएगा।

### रैहन में विश्व एड्स दिवस पर निकाली रैली



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान रैहन में शनिवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रिंसिपल डॉक्टर सतीश कटवाल के निर्देशों पर नोडल अधिकारी रजिंदर जसरोटिया के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर करीब 80 छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान एड्स टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में जानकारी बांटी गई। इस मौके पर कार्यशाला अधीक्षक विवेक शर्मा, हॉस्टल अधीक्षक मधुलिका शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विद्युत उपभोक्ता 5 तक करवाएं ई-केवाईसी




**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता अपने घरेलू विद्युत मीटरों की केवाईसी करवा लें। विद्युत विभाग के कर्मचारी 2 दिसंबर को ग्राम पंचायत घर मरूंह, अप्पर बोदा, 3 दिसंबर को ग्राम पंचायत भोडा, खडुल और केदारा मंदिर, 4 दिसंबर को अटयालादाई स्कूल के समीप और मंडप तथा 5 दिसंबर को गांव जैंद और देवी मंदिर फस्टा के उपभोक्ताओं की केवाईसी की जाएगी। इस बीच विद्युत उपमंडल डरोह के अधिनस्थ स्थानीय गांव बसकेहड़, भाटिलू, कस्वा, जलाख, समाना तथा पीटीसी डरोह आदि के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से विनम्र आग्रह किया जाता है कि वे भी अपने विद्युत मीटरों की ई-केवाईसी विद्युत उपमंडल डरोह में करवा लें। ई-केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशनकार्ड, विद्युत बिल तथा मोबाइल फोन भी अपने साथ आवश्य लेकर आएं, ताकि इस काम को समय पर किया जा सके। आपका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए।अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है वह भविष्य में विद्युत बिल में मिलने वाली सुविधाओं (सब्सिडी) से वंचित रह सकता है। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता को दी जा रही प्राथमिकता : बाली

## प्रत्येक विस क्षेत्र में एक-एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान किया जा रहा विकसित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



टांडा में कॉन्क्सस-2024 में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे आरएस बाली का स्वागत करते हुए।

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने के लिए विस्तृत कार्य योजना के अन्तर्गत कार्य किए जा रहे हैं ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। शनिवार देर रात टांडा मेडिकल कॉलेज में कॉन्क्सस-2024 कार्यक्रम की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि आम जनमानस को घर-द्वार के निकट उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्वास्थ्य संस्थान को स्तरोन्नत कर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें मशीनरी एवं उपकरणों की व्यवस्था के लिए एक-एक करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए गए हैं।

**टांडा कॉलेज के 9 हॉस्टलों में जिम बनाने के लिए 90 लाख देने की घोषणा**

उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों में केजुएलटी विभाग को स्तरोन्नत कर आपातकालीन मेडिसिन विभाग बनाए जा रहे हैं। कैंसर के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन्हें आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश में स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाओं के साथ स्टेट कैंसर इंस्टीटयूट स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यातिथि ने प्रशिक्षु चिकित्सकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के 9 विभिन्न छात्रवासों में जिम स्थापित करने के लिए नब्बे लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे ताकि प्रशिक्षुओं को व्यायाम की सुविधा भी मिल सके।

### कार्यक्रम के आयोजकों को दो लाख स्वीकृत

**कार्यक्रम** के आयोजन के लिए पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने आयोजकों को दो लाख की राशि भी स्वीकृत की। इससे पहले कार्यकारी प्रिंसिपल डा मिलाप ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए टांडा मेडिकल कालेज की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशिक्षु चिकित्सक संगठन के अध्यक्ष आयुष ठाकुर ने भी मुख्य अतिथि के समक्ष अपना संबोधन दिया और अपनी समस्याओं को रखा। प्रशिक्षु चिकित्सकों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मनोरंजन किया। कॉलेज के इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुमन गुप्ता, अतिरिक्त निदेशक डॉ मेजर अवनिंद्र कुमार, विभिन्न विभागों के एचओडी, डॉक्टर, आयुष ठाकुर, स्मृति और प्रशिक्षु डॉक्टर मौजूद रहे।

# अवैध खनन करने पर एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टरों के काटे चालान



अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया ट्रैक्टर चालक पुलिस के साथ।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

हिमाचल सरकार द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शनिवार देर रात डाहकूलाड़ा गांव के पास इंडस्ट्रियल एरिया में अवैध रूप खनन करने की खबरें लगातार माइनिंग विभाग को मिल रही थी, जिसके चलते माइनिंग ऑफिसर नूरपुर सुरेश ठाकुर नेअपने कर्मचारियों को इस पर लगाम लगाने हेतु कार्रवाई करने के आदेश दिए, जिसकी कार्रवाई करते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर विक्रम तथा माइनिंग फ्लाइंग गार्ड सनी जसवाल ने रात को जब डाह कुलड़ा गांव के पास नाका लगाया हुआ था, तब एक जेसीबी तथा तीन ट्रैक्टर को जब अवैध माइनिंग करते हुए पाया गया। वहीं, एक जेसीबी चालक रमन ठाकुर ने माइनिंग विभाग के कर्मचारियों पर जेसीबी से रौंदने की कोशिश तथा उनको जान से मार देने की भी धमकी दी।

माइनिंग इंस्पेक्टर विक्रम ने बताया के मौके पर दो ट्रैक्टरों से 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल कर दिया गया है तथा जेसीबी तथा ट्रैक्टर मालिकों पर माइनिंग अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# सुक्खू सरकार ने दो वर्षों में केवल कर्ज में की वृद्धि : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर कड़ा प्रहार करते हुए इसे इतिहास का सबसे असफल कार्यकाल बताया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अपने दो वर्ष पूरे होने पर बिलासपुर में एक समारोह आयोजित कर रही है, लेकिन यह समारोह प्रदेश की वास्तविक स्थिति से एकदम विपरीत नजर आ रहा है, जिसमें सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए झूठा गुणगान करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का दावा किया था, लेकिन दो वर्षों में केवल कर्ज में वृद्धि और जनता के अधिकारों का हनन किया है। चक्षु ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता हथियाने के लिए प्रदेश की जनता से 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, दुर्भाग्यपूर्ण पूर्व की सरकार द्वारा दी जा रही ही 125 यूनिट निशुल्क बिजली को ही इस सरकार ने बंद कर दिया। पानी के बिल आने से ग्रामीणों को भी आर्थिक दबाव में डाल दिया है। सुक्खू सरकार की महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने की गारंटी कागजों में सिमट कर रह गई। प्रदेश की महिलाओं, जिन्हें इस वादे से बड़ी उम्मीदें थीं, आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।

### वन्य प्राणी विभाग के खिलाफ करेंगे धरना प्रदर्शन : मिलखी

**जवाली।** पौंग झील किनारे बिजाई रोकने को लेकर महिलाओं द्वारा किए गए प्रदर्शन उपरांत वन्य प्राणी विभाग के बीओ परमिंदर सिंह राणा द्वारा दिए गए बयान पर पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। मिलखी राम शर्मा ने कहा कि बीओ परमिंदर सिंह राणा ने कहा है कि बिजाई करने के लिए कुछ लोग हाई कोर्ट में अपील दायर कर चुके हैं तथा जब तक उस पर फैसला नहीं आता, तब तक हम कुछ नहीं कर सकते, जो कि खेती करने वालों के पक्ष में दिया बयान है। मिलखी राम ने कहा कि इसकी लिखित शिकायत विभागीय उच्चाधिकारियों से की गई है। अगर कोई कार्रवाई न हुई तो वह जनता के साथ वन्य प्राणी विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# पौंग झील में डाला 65 लाख मछली का बीज

**अनिल छांगू, जवाली**



पौंग झील में मछली का बीज डालते मत्स्य विभाग के कर्मचारी और मछुआरे।

महाराणा प्रताप सागर (पौंग झील) में वर्ष 2024-25 में कतला, रोहू, मोरी व ग्रास कार्प मछली प्रजातियों का बीज संग्रहण किया गया है। हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने बताया कि पौंग झील में इस वर्ष कुल 65 लाख मछली का बीज डाला गया है जिसका साइज 70 एमएम से ऊपर का था। कतला प्रजाति का कुल 30 लाख, रोहू प्रजाति का 20 लाख, मोरी प्रजाति का 5 लाख व ग्रास कार्प प्रजाति का कुल 10 लाख बीज डाला गया है। पौंग जलाशय के विभिन्न स्थानों जैसे सिहाल, मझार, डाडासीबा व जंबल आदि पर विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, स्थानीय मत्स्य सहकारी सभा के सदस्यों व मछुआरों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मत्स्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मत्स्य बीज डाला डाला गया है।

पौंग जलाशय से वर्ष 2024-25 में 15 नवंबर तक कुल उत्पादन 2,32,440 किलोग्राम है, जिसका कुल मूल्य 4,72,68,388 रुपए है। यह देश का एकमात्र जलाशय है जिसमें मछुआरों को अपनी मछली के सबसे अधिक दाम मिल रहे हैं और यह दाम हर साल बढ़ते हैं। इस वर्ष मत्स्य सहकारी सभा नंदपुर की मछली की दाम 311 रुपए किलोग्राम सबसे अधिक है। मत्स्य मंडल पौंग जलाशय के सहायक निदेशक से संदीप कुमार ने मछुआरों से अपील की है कि झील में संग्रहित मत्स्य बीज का संरक्षण करने में विभाग का सहयोग करें क्योंकि डाले गए मत्स्य बीज से झील में मछली आपूर्ति पूरी होगी व आने वाले समय में मछुआरों को लाभ होगा। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ



## सर्दी में ऊर्जा व सेहत के लिए अमृत है बिच्छू बूटी का सूप

*जैसे-जैसे सर्दियों की ठंडी हवाएं दस्तक देती हैं, लोग इम्युनिटी बढ़ाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की खोज में लग जाते हैं। ऐसा ही एक पारंपरिक उपाय है बिच्छू बूटी का सूप, जो पोषण और स्वास्थ्य लाभों से भरपूर प्रकृति का उपहार है। अक्सर खरपतवार समझे जाने वाली बिच्छू बूटी असल में एक सुपरफूड है, जो आपको ठंडी सर्दियों में ताकत और ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने में मदद कर सकती है। बिच्छू बूटी का सूप सिर्फ भोजन नहीं है, यह एक प्राकृतिक औषधि है और स्वस्थ जीवन का प्रतीक है। पोषक तत्वों से से भरपूर, यह पौधा थकावट दूर करने, हड्डियों को मजबूत करने और इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करता है। इसकी पोषण क्षमता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जो सर्दियों में कठोर जलवायु और शारीरिक श्रम में लगे रहते हैं।*

### बिच्छू बूटी के पत्ते पोषक तत्वों का खजाना

**बिच्छू** बूटी के पत्ते पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें कई विटामिन और खनिज शामिल हैं। यह विशेषतह लोहे, कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी, और के से भरपूर है। इसमें मिलने वाला विटामिन सी इम्युनिटी बढ़ाने और आयरन के अवशोषण में मदद करता है। विटामिन ए त्वचा, दृष्टि और म्यूकस झिल्ली को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। आयरन की उच्च मात्रा थकावट और एनीमिया को दूर करती है, जबकि कैल्शियम और मैग्नीशियम हड्डियों और मांसपेशियों के लिए फायदेमंद हैं। इसके अलावा, बिच्छू बूटी में बायोएक्टिव कंपाउंड जैसे फ्लेवोनोइड्स होते हैं, जिनमें सूजनरोधी गुण होते हैं। यह गठिया और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं में राहत देती है, जो ठंड के मौसम में बढ़ जाती हैं। इसकी उच्च फाइबर सामग्री पाचन को मजबूत करती है, जिससे त्योहारों के दौरान पेट स्वस्थ रहता है।

### सूप बनाने के लिए सामग्री

बिच्छू बूटी का सूप बनाना सरल है और इसे मौसमी सामग्री के साथ तैयार किया जा सकता है। ताजी बिच्छू बूटी की पत्तियां (धोकर और उबालकर), एक मध्यम आकार का आलू (क्रीमी बनाने के लिए) एक प्याज, बारीक कटा हुआ। 2-3 लहसुन की कलियां। 2 कप वेजिटेबल या चिकन स्टॉक। स्वादानुसार नमक और काली मिर्च **गार्निश के लिए :** क्रीम, तले हुए बीज या कद्दूकस किया हुआ चीज (वैकल्पिक) ताजा मूली के पत्ते (गर्मी को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक)

### सूप बनाने की विधि

बिच्छू बूटी की पत्तियों को उबलते पानी में 1-2 मिनट के लिए उबालें, ताकि उनका डंक खत्म हो जाए। एक बर्तन में प्याज और लहसुन को पारदर्शी होने तक भूनें। कटे हुए आलू डालें और कुछ मिनट पकाएं। स्टॉक डालें और आलू के नरम होने तक पकाएं। उबली हुई बिच्छू बूटी की पत्तियां डालें, मिश्रण को मिक्सर में स्मूथ पीस लें और स्वादानुसार नमक और काली मिर्च डालें। इसे गर्म ही परोसें व क्रीम, तले हुए बीज या चीज से सजाएं। इसके बाद इसे गर्म-गर्म ही पीएं।





### बुजुर्गों के लिए कुदरत का वरदान

**बुजुर्गों** के लिए बिच्छू बूटी का सूप एक वरदान है। इसके पोषक तत्व और औषधीय गुण उम्र से संबंधित समस्याओं जैसे जोड़ों की जकड़न, थकावट और कमजोर इम्यूनिटी से प्राकृतिक राहत प्रदान करते हैं। इसके गर्माहट भरे गुण ठंड से बचाव और आराम देते हैं, जिससे यह सर्दियों के लिए एक आदर्श भोजन बन जाता है। **प्रस्तुति : तारा देवी सेन, बॉटनी विभागाध्यक्ष, वल्लभ कॉलेज मंडी**

## माइग्रेन : एक प्रकार का सिरदर्द

### दवाइयों के साथ लाइफ स्टाइल में बदलाव से मिलेगी निजात

*माइग्रेन एक प्रकार का सिरदर्द होता है जो अक्सर एक तरफ के सिर में तेज दर्द के रूप में महसूस होता है। माइग्रेन के कारणों में तनाव, हार्मोनल बदलाव, नींद की कमी, कुछ विशेष प्रकार के भोजन, या जलवायु परिवर्तन शामिल हो सकते हैं। कुछ लोग इसे ट्रिगर करने वाले कारकों को पहचानने और उन्हें कम करने की कोशिश करके राहत पाते हैं। माइग्रेन के लक्षण व्यक्ति के स्वास्थ्य और उसकी स्थिति के आधार पर भिन्न हो सकते हैं। यदि ये लक्षण नियमित रूप से होते हैं, तो चिकित्सक से परामर्श करना महत्वपूर्ण होता है।*

#### माइग्रेन के लक्षण

**1. सिरदर्द :** माइग्रेन का सबसे सामान्य लक्षण सिर में तेज और धड़कन जैसा दर्द होता है, जो आमतौर पर सिर के एक हिस्से में महसूस होता है

**2. उल्टी और जी मिचलाना :** माइग्रेन के दौरान व्यक्ति को उल्टी या जी मिचलाने की समस्या हो सकती है।

**3. रोशनी और ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता :** माइग्रेन के दौरान व्यक्ति को तेज रोशनी, शोर, या यहां तक कि गंध भी असहनीय लग सकती है।

**4. आंखों के सामने अंधेरा या चमकते बिंदु :** कुछ लोगों को माइग्रेन से पहले या दौरान आंखों के सामने चमकते बिंदु, रंगीन रेखाएं या धुंधला दिखाई देने की समस्या हो सकती है। इसे ऑरा कहा जाता है।

**5. चक्कर आना :** माइग्रेन के दौरान व्यक्ति को चक्कर आ सकते हैं या वह असंतुलित महसूस कर सकता है।

**6. गति और गतिविधि से दर्द में वृद्धि :** माइग्रेन का दर्द सामान्य गतिविधियों जैसे चलने, झुकने या सिर घुमाने पर बढ़ सकता है।

7. शरीर में कमजोरी या थकानः माइग्रेन के दौरान थकान और कमजोरी का अनुभव हो सकता है।

8. मूड स्विंग्स : माइग्रेन के दौरान व्यक्ति को चिड़चिड़ापन, उदासी, या अत्यधिक संवेदनशीलता महसूस हो सकती है।



**डॉ. निधि जोशी गांधीधाम (गुजरात)**

#### उपचार

होम्योपैथी चिकित्सा के उपयोग से माइग्रेन का इलाज किया जा सकता है और माइग्रेन की समस्या को झड़ से मिटाया जा सकता है। होम्योपैथी में विभिन्न दवाइयां हैं, जो माइग्रेन के दर्द, उल्टी, सिरदर्द के कारण और अन्य संबंधित लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकती हैं। माइग्रेन का इलाज दवाइयों के साथ लाइफ स्टाइल में बदलाव करने से जल्दी दूर किया जा सकता है। हालांकि, माइग्रेन का इलाज व्यक्तिगत लक्षणों और रोगी की शारीरिक स्थिति के आधार पर किया जाता है।

## सोरायसिस का इलाज नहीं, उपचार कर सकता है लक्षणों में सुधार





**सोरायसिस एक ऑटोइम्यून त्वचा की स्थिति है जो खुजली और परेशानी का कारण बनती है। प्लाक सोरायसिस सबसे आम प्रकार है। यह त्वचा के मोटे, पपड़ीदार क्षेत्रों का कारण बनता है। हालांकि इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन सोरायसिस उपचार लक्षणों को प्रबंधित करने में मदद कर सकता है। सोरायसिस के कारण त्वचा पर लाल, पपड़ीदार धब्बे पड़ जाते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आपके शरीर में प्रतिरक्षा प्रणाली बहुत ज्यादा सक्रिय होती है। सोरायसिस का कोई इलाज नहीं है, लेकिन सोरायसिस उपचार लक्षणों में सुधार कर सकते हैं।**

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सोरायसिस एक ऑटोइम्यून स्थिति है, जो आपकी त्वचा में सूजन का कारण बनती है। सोरायसिस के लक्षणों में त्वचा के रंगहीन मोटे क्षेत्र शामिल हैं जो पपड़ी से ढके होते हैं। इन मोटे, पपड़ीदार क्षेत्रों को प्लाक कहा जाता है। सोरायसिस एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है। यह सोरायसिस का एक गंभीर प्रकार है जो आपकी त्वचा के एक बड़े क्षेत्र (90 फीसदी से अधिक) को प्रभावित करता है। यह त्वचा के व्यापक रंग परिवर्तन और त्वचा के झड़ने का कारण बनता है। सोरायसिस से पीड़ित लगभग 3 में से 1 व्यक्ति को सूजन के कारण गठिया भी हो सकता है। सोरायसिस परिवार में चलता है। सोरायसिस में आनुवंशिक घटक हो सकता है क्योंकि जैविक माता-पिता से यह स्थिति उनके बच्चों में जा सकती है।



**डॉ. एनके गुप्ता हेल्थ एक्सपर्ट**

### उपचार और बचाव

**सोरायसिस** का कोई इलाज नहीं है, लेकिन सोरायसिस उपचार लक्षणों में सुधार कर सकते हैं। बेहतर महसूस करने के लिए डॉक्टर के निर्देशानुसार दवाएं लें। मॉइस्चराइजर का प्रयोग करें, विशेषकर स्नान के बाद। अपने सिर पर मौजूद पपड़ियों के लिए औषधीय शैम्पू का प्रयोग करें। हृदय रोग, अवसाद और मधुमेह जैसी संबंधित स्थितियों के जोखिम को कम करने के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लें। अपनी त्वचा में किसी भी तरह के बदलाव को देखने के लिए नियमित रूप से त्वचा की स्वयं जांच करें। अगर आपकी त्वचा में कोई बदलाव है, कोई ऐसा रैश है जो ठीक नहीं हो रहा है या रैश और भी बदतर हो रहा है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। हैं।

**(प्रस्तुतिः मोहन चौहान, सोलन )**



## अपनी डाइट में शामिल कर लें ये चीजें

## कम होगा कैंसर होने का खतरा

**कैंसर जैसी घातक बीमारी का नाम सुनते से ही मौत का ख्याल आने लगता है, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर हम अपनी डाइट को बैलेंस रखें और कुछ हेल्दी चीजों का सेवन करें, तो कैंसर के खतरे को काफी हद तक काम किया जा सकता है। इस लेख में आपको उन सुपर फूड्स के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन करके आप कैंसर के खतरे को कम कर सकते हैं। यह फूड आइटम आपकी बॉडी को सपोर्ट सिस्टम देते हैं और ओवरऑल हेल्थ को डेवलप करने में मदद करते हैं, साथ ही कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकते हैं।**

#### ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी रास्पबेरी, ब्लैकबेरी

एंथोसायनिन और एलेजिक एसिड जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी कैंसर के बचाव करने में मदद करती हैं।

#### खट्टे फल

इस फलों में विटामिन सी, फ्लेवोनोइड्स और लिमोनोइड्स होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देने और ट्यूमर की ग्रोथ को रोकने के लिए जाने जाते हैं।

#### अनार

इसमें कैंसर रोधी गुणों वाले एलेजिक एसिड और पॉलीफेनोल्स होते हैं, जो प्रोस्टेट और ब्रेस्ट कैंसर के खतरों को कम करने में प्रभावी माने जाते हैं।

#### पपीता

बीटा-कैरोटीन, लाइकोपीन और विटामिन सी से भरपूर पपीता कोशिकाओं की मरम्मत में मदद करता है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को रोकता है।

#### ब्रोकोली

इसमें सल्फोराफेन और इंडोल-3-कार्बिनोल होता है, जो कैंसर के खतरे को कम करने के लिए जाना जाता है। इसे एक हेल्दी फूड कहा जाता है।

#### पत्तेदार साग

हरे पत्तेदार साग कैरोटीनॉयड, फाइबर और फोलेट से भरपूर होते हैं, जो स्किन, फेफड़े और पेट के कैंसर के खतरे को कम करने में प्रभावी माने जाते हैं।

#### टमाटर

लाल-लाल लाइकोपीन से भरपूर टमाटर अपने कैंसर रोधी गुणों के लिए जाना जाता है, ये प्रोस्टेट और फेफड़ों के कैंसर के खिलाफ विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन लाभ देगा।

**( नोटः लेख में दी गई कुछ जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स पर आधारित है.। आप किसी भी सुझाव को अमल में लाने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से सलाह जरूर लें।)**

# मुकद्दर से नहीं दृढ़ संकल्प से मिलती है मंजिल : डॉ. पुष्पेंद

## हिम अकादमी ने धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया सालाना समारोह

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

रविवार के रोज हमीरपुर के सलासी में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह की धूम रही। इसमें मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर डायरेक्टर पंकज लखनपाल, प्राचार्या नैना लखनपाल, हिमांशु शर्मा ने मुख्य अतिथि डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा का स्वागत किया। उनकी पत्नी डॉक्टर मणि वर्मा भी साथ थीं।

अकादमी के संस्थापक प्रो. आरसी लखनपाल व उनकी पत्नी चंद्रप्रभा लखनपाल ने मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र व डॉ. मणि को टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर स्कूल के मेधावी कलाकार लविश ने अपने हाथों से बनाई हुई राधा कृष्ण भगवान की तस्वीर मुख्य अतिथि व उनकी पत्नी को भेंट की। इसके पश्चात मेधावी छात्र-छात्राओं को डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने पुरस्कार दिए। पुरस्कार वितरण के बाद रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जबरदस्त परफॉर्मेंस से सभी बैठे हुए दर्शकों का मन मोह लिया।


पुष्पेंद्र वर्मा और स्कूल प्रबंधन के साथ सम्मानित हो रहा स्टूडेंट।

डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने स्टूडेंट से कहा कि हिम अकादमी के संस्थापक प्रो. आरसी लखनपाल ने जो पौधा आज से 31 साल पहले लगाया था, वह आज एक बड़ा पेड़ बनकर सबको छाया दे रहा है। आज न केवल हमीरपुर, हिमाचल, भारतवर्ष, बल्कि पूरे दुनिया में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल का डंका बज रहा है। उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट के डायरेक्टर पंकज लखनपाल का भी धन्यवाद किया और कहा कि मेरी गृह पंचायत में उन्होंने जंगल में मंगल कर दिया है और हजारों लोगों को रोजगार देकर एक नया आयाम स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि कहीं भी जाएं, इस शिक्षण संस्थान से पड़े हुए छात्र हमें अच्छी-अच्छी जगह पर कार्यरत मिल जाते हैं और उसे समय हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है कि हमारे हमीरपुर जिले से शिक्षा ग्रहण कर लोग ऊंचे पदों पर बैठकर न केवल हिम अकादमी बल्कि हमीरपुर जिले का नाम भी रोशन कर रहे हैं। डॉ. वर्मा ने स्कूल के बच्चों से कहा कि बच्चों आप इतने अच्छे स्कूल में पढ़ रहे हैं, जहां पूरी मैनेजमेंट आपके भविष्य के लिए चिंतित है तो आप भी अब मुकद्दर के सहारे नहीं बैठें क्योंकि मंजिल की जुस्तजू में मुकद्दर नहीं देखा करते, जब मंजिल की ठान ली हो, तो पलट कर देखा नहीं करते। भारत माता के उद्घोष के साथ डॉक्टर वर्मा ने अपने संबोधन को खत्म किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में बच्चों के अभिभावक व हमीरपुर शहर के गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### शिवा स्कूल चंदरुही में मेधावियों का सम्मान



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत शिवा पब्लिक स्कूल चंदरुही में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भोरंज विधानसभा की पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार दिए। इसमें द्राक्षीता, आराध्या ठाकुर, अयान शर्मा, प्रियल शर्मा, स्पर्श, आदित्य, आशिमा, प्रणय, प्रीशा, मुस्कान, शिवन्या, सृष्टि, शानवी, यशवर्धन शर्मा, बीरेन, पलक शर्मा, आशिया, तरुण, कृतिक, अंशुल आदि को सम्मानित किया। स्वाति और इशिता को पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार दिए गए। स्कूल के प्रबंध निदेशक अभिषेक शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की।

### रंजन महाजन का बेहतर कार्यों के लिए किया सम्मान



**सुजानपुर।** केसीसी बैंक शाखा सुजानपुर के सीनियर मैनेजर रंजन महाजन शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति को लेकर के स्टाफ ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि रंजन महाजन ने हमेशा अपने कार्य को इमानदारी तथा निष्ठा से निभाते बैंक की शाखा के उत्थान को लेकर के प्रयास किए हैं। इस अवसर पर उन्हें विदाई पार्टी दी गई।

### पहचान स्पेशल स्कूल के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर में स्थित पहचान स्पेशल स्कूल अक्षम बच्चों को समाज में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। पहचान संस्था में बच्चे शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी नाम कमा रहे हैं। विशेष बच्चों की स्किल में सुधार कर रहा है, साथ ही सामाजिक और शारीरिक रूप से भी उनका विकास कर रहा है, जिसके चलते पहचान द्वारा जूनियर विंग के बच्चों को लंबलू और गसोता महादेव मंदिर पिकनिक पर ले जाया गया, जहां बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने और समाज के विशिष्ट वर्ग से मिलने का अवसर मिला। स्कूल की संचालिका चेतना शर्मा ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियों का होना आवश्यक है।

### पूर्व नौसैनिकों ने यादें कीं ताजा, मनाया नौसेना दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भारतीय नौसेना में सेवाएं दे चुके नौसैनिकों के संगठन हिम नेवल सोसायटी ने रविवार को यहां बसत रिसॉर्ट में भारतीय नौसेना दिवस मनाया। इसमें लगभग 150 पूर्व नौसैनिकों और उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। हिम नेवल सोसायटी के चेयरमैन संजीव शर्मा और सोसायटी के सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथि हमीरपुर के एसडीएम संजीत सिंह का स्वागत किया तथा उन्हें शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। चेयरमैन संजीव शर्मा ने मुख्य अतिथि तिथि को सोसायटी द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों के बारे में अवगत करवाया व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की भी विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए और बड़े खाने का भी आयोजन किया गया। सभी सैनिकों ने अपनी पुरानी यादों को ताजा किया व अपने विचारों को साझा किया। मुख्य अतिथि तिथि ने सभी का धन्यवाद किया। चेयरमैन संजीव शर्मा ने मुख्य अतिथि व आयोजन में उपस्थित सभी पूर्व नौसैनिक परिवारों का धन्यवाद किया और अगले वर्ष फिर से भारतीय नौसेना दिवस पर सम्मिलित होने का अनुरोध किया।

### कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर कांग्रेस पार्टी के जोनल अध्यक्ष प्रवीण कुमार लकी की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग हुई जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओ की समस्याओं को सुना तथा उन पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर 100 से ज्यादा लोगों ने अपनी अपनी समस्यायों को प्रवीण के समक्ष रखा और बताया कि कांग्रेस सरकार होते हुए भी कार्यकर्ताओं के काम नहीं हो रहे हैं। परवीन ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिलाया की सुख की सरकार में उनके सभी कार्य मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में पूर्ण होंगे। इस सभा में रमेश भाटिया, कुलदीप राणा, संदीप मेहरा, सीमा, सरोज, प्रवीण मोहनी, रमेश चौधरी आदि ने हिस्सा लिया।

### एक ही छत्त के नीचे छात्रों ने किए हिमाचल के दर्शन



**एसके ठाकुर, बड़सर।** एक ही छत्त के नीचे समूचे हिमाचल की कुछ ही पलों में झलक पाकर हमीरपुर जिले के बड़सर उपमंडल के राजकीय माध्यमिक पाठशाला कमलेहड़ी के बच्चे अभिभूत व रोमांचित हुए। इन विद्यार्थियों ने गैलरी परिसर में प्राचीन वस्तुओं पर आधारित संग्रहालय को भी देखा तथा बेहद रोमांचित दिखे। गैलरी की अटेंडेंट आरती चौधरी ने बच्चों को छायाचित्रों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने छायाचित्रों में दिलचस्पी दिखाते हुए इस फोटो गैलरी को अद्भुत बताते हुए फिर से यहां आने की इच्छा जताई। किसी को भी यदि हिमाचल प्रदेश के बारे में समूची जानकारी कुछ ही पलों में एक जगह पर हासिल करनी हो तो मंडी में प्रख्यात छायाकार बीरबल शर्मा के छायाचित्रों पर आधारित पुरातत्व चेतना संघ द्वारा स्थापित यह फोटो गैलरी सबसे उपयुक्त स्थान है।

### रामलाल ने विशेष शिविर का किया निरीक्षण




**एसके शर्मा, जाहू।** राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक रामलाल ने भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर की गतिविधियों को निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्कूल व कॉलेज के छात्रों में समाज सेवा की भावना पैदा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्वयंसेवियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि योजना के माध्यम से छात्रों को स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के जरिए व्यक्तित्व विकास और चरित्र विकसित करने का अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से मिलने वाले अनुदानों, खर्च करके के तरीकों तथा साल भर होने वाली गतिविधियों से भी अवगत करवाया। इससे पहले रूल के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अच्युतम वर्मा ने जिला समन्वयक रामलाल व रावमापा भुक्कड़ के अर्थशास्त्र प्रवक्ता पवन रांगड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा पांच दिनों में किये गए कार्यों को ब्योरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महिला कार्यक्रम अधिकारी लता देवी, संतोष व स्कूल के स्वयं सेवी उपस्थित रहे।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन, बजी खूब तालियां


डीएवी स्कूल हमीरपुर में धूमधाम से आयोजित किया वार्षिक उत्सव।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

डीएवी हमीरपुर में 2024 - 25 का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ आयोजित किया। नर्सरी से पांचवी तक के दो दिवसीय इस आयोजन के दूसरे दिन नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया, जिस पर उन्होंने खूब तालियां बटोरीं।

इस अवसर पर एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हमीरपुर विशाल भमनोतरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति रहे। इस अवसर पर डीएसपी हमीरपुर नितिन चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (विजिलेंस) रेणु शर्मा, उपकुलसचिव एचपीटीयू सुरेंद्र शर्मा भी उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्रों को पिछले सत्र की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कार भी दिए गए।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम में आए उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की वर्तमान समय में ब्लू स्क्रीन एक चुनौती के रूप में हम सब के सामने आई है अगर समय रहते इस बात को नासंभाल गया तो भविष्य में इसका काफी गहरा असर पड़ेगा। उन्होने अभिभावकों से आह्वान किया कि वह बच्चों को अधिक से अधिक रोचक गतिविधियों में शामिल करें तथा स्वयं भी बच्चों को समय दें। प्रिंसिपल महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इन दो दिनों में स्कूल के 1100 छात्रों ने स्टेज पर अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

## कांग्रेस सरकार ने की वरिष्ठता की अनदेखी : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुजानपुर/हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर नियमों और वरिष्ठता की अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने कई विभागों में वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर उनके अधीन जूनियर कर्मचारियों को महत्वपूर्ण पद सौंप दिए हैं, जिससे वरिष्ठ अधिकारियों का मनोबल टूट रहा है। राजेंद्र ने विशेष रूप से शिक्षा विभाग का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कई वरिष्ठ प्रिंसिपलों को डिप्टी डायरेक्टर नहीं बनाया गया, जबकि उनसे कनिष्ठ हेड मास्टरों को यह जिम्मेदारी सौंप दी गई।



इसी तरह, लोक निर्माण विभाग में एक्सईएन स्तर के अधिकारियों को महत्वहीन कार्यों में लगाकर कनिष्ठ अभियंताओं को एक्सईएन के पदभार सौंपे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में नियमों और प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सरकार ने नई परंपरा शुरू की है, जो न केवल असंवैधानिक है, बल्कि प्रशासनिक ढांचे के लिए भी हानिकारक साबित हो रही है। राणा ने सरकार से अपील की कि वह वरिष्ठता के सिद्धांतों का सम्मान करे और अधिकारियों के मनोबल को बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए।

## एनएसयूआई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 300 छात्रों ने लिया भाग



**एसके ठाकुर, बड़सर।** एनएसयूआई इकाई बड़सर द्वारा राजकीय महाविद्यालय बड़सर के प्रांगण में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़सर उपमंडल के लगभग 300 स्कूली छात्रों ने हिस्सा लिया। रूबल ठाकुर ने कहा की जल्द ही इनका परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने एनएसयूआई इकाई बड़सर के कार्यकर्ताओं द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफल योजना करवाने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं करवाने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है तथा उनमें प्रतिस्पर्धा में भाग लेने की भावना पैदा होती है।

## अरुण और सूरज ने जीती बैडमिंटन चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

चार्टेड अकाउंटेंट अरुण गिरि और सूरज ने रविवार को यहां संपन्न हुई इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया-हिमाचल प्रदेश शाखा (आईसीएआई-एचपी) स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में जीत हासिल की। अरुण गिरि 50 से ऊपर की श्रेणी में विजेता रहे, जबकि राजीव शर्मा उपविजेता रहे और सूरज 50 से कम की श्रेणी में विजेता रहे, जबकि योगेश इस श्रेणी में उपविजेता रहे।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 28 चार्टेड अकाउंटेंट ने तीन श्रेणियों में भाग लिया, जिनमें 50 से कम, 50 से ऊपर और ओपन डबल्स शामिल थे। डबल्स मैचों में अरुण गिरि और राजेश ठाकुर की टीम ने फाइनल में सूरज और योगेश की टीम को हराकर जीत हासिल की। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले


आईसीएआई-एचपी बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता आयोजकों के साथ।

### खेल आजकल तनाव को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका : रोहित शर्मा

आईसीएआई के एचपी चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि संगठन सीए बिरादरी के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए वर्षभर विभिन्न चैंपियनशिप आयोजित करता है। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने वाले एचपी बार काउंसिल के उपाध्यक्ष रोहित शर्मा ने समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। खेल आजकल पेशेवर लोगों के तनाव को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है, इसलिए वे अधिवक्ताओं को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा जोड़ने के लिए खेल खेलने का सुझाव देंगे। उन्होंने लोगों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन समिति को 5000 रुपए देने की भी घोषणा की।

## पेंशनर संघ की बड़ाग्रां में कल होगी बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल पेंशनर्स कल्याण संघ की विझड़ी इकाई की बैठक 3 दिसंबर को बड़ाग्रां में होगी। इस बैठक में महिला और पुरुष सभी पेंशनर्स शामिल होंगे ताकि वे आने वाली समस्याओं का खुलकर अपना पक्ष रख सकें। ब्लॉक अध्यक्ष तोताराम ने बताया कि इसी के आधार पर इन मुद्दों को फिर उठाया जाएगा। यह बैठक तकरीबन 10:30 बजे शुरू हो जाएगी।

## क्विज प्रतियोगिता में पल्लवी बनी विजेता



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के एनर्जी एंड एनवायरनमेंट क्लब द्वारा इको स्पार्क विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। असिस्टेंट प्रो. प्रिंयका ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूकता फैलाना और छात्रों को इन मुद्दों पर रचनात्मक और विचारशील दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में तीन गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में डिबेट प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता व फोटोग्राफी प्रतियोगिता करवाई गई। डिबेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका, क्विज प्रतियोगिता में पल्लवी प्रथम स्थान जबकि फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका रही।

## शिक्षा विभाग की नौकरी में मान-सम्मान : मान चंद

**एसके शर्मा, जाहू।** मुख्यमंत्री राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में भाषा अध्यापक मान चदं कालिया का सेवानिवृत्ति समारोह स्थानीय स्कूल प्रधानाचार्य अनिल डोगरा की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाषा अध्यापक मान चंद कालिया रहे। उन्होंने अध्यापकों व स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पशु पालन विभाग और कृषि विभाग में भी नौकरी की है लेकिन शिक्षा विभाग की नौकरी में सबसे अधिक मान-सम्मान है। उन्होंने शैक्षणिक अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अध्यापक देश का निर्माता है क्योंकि वह बच्चों को पढ़ाने में कोई कमी नहीं छोड़ता। इस अवसर पर उनकी पत्नी नीना कालिया कै. अमर सिंह, ईश्वर दास, पुरूषोत्तम लाल, सुनील कालिया, राकेश, विनोद कालिया, सुरेंद्र, दिवान चंद, शशि व स्टाफ उपस्थित रहा।



## लोअर हड़ेटा स्कूल में मनाया सालाना समारोह



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर हड़ेटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन प्रेमचंद ने शिरकत की, जिनके साथ विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट दिलीप चंद भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्कूल मुखिया त्रिलोक चंद शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, पंचायत प्रधान खास गलोड़ संजीव शर्मा, ब्रिगेडियर दिलीप सिंह, हड़ेटा पंचायत के उपप्रधान संजय शर्मा, पूर्व जिला परिषद आशा शर्मा, जल शक्ति विभाग केसहायक अभियंता संजीव चौधरी, कमलेश चंद्र शर्मा, रविंद्र लखनपाल और क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि प्रेमचंद शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रधानाचार्य त्रिलोक चंद शर्मा आदि ने सम्मानित किया।

## मातृ शक्ति बीमा योजना गरीब महिलाओं के लिए बनी वरदान

### बीपीएल परिवारों के लिए महिला की मृत्यु पर दिए जाते हैं 2 लाख, अपंग होने पर या पति की मृत्यु पर भी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

किसी दुर्घटना, बाढ़ या पानी में डूबने, सांप-बिच्छू या अन्य प्रकार के कीड़ों के काटने, सर्जिकल ऑपरेशन या प्रसव के दौरान किसी गरीब परिवार की महिला एवं लड़की की मौत पर उस परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ता है, लेकिन राज्य सरकार की मातृ शक्ति बीमा योजना लाभकारी साबित हो रही है।

एक तो गरीबी और उस पर परिवार के किसी सदस्य की अचानक मौत से परिजनों पर एक साथ कई विपदाएं आ जाती हैं। ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहे किसी बीपीएल परिवार के लिए यह योजना बहुत बड़ा सहारा साबित हो सकती है। बीपीएल परिवार में अगर 10 से 75 वर्ष तक की किसी महिला सदस्य की मृत्यु अचानक किसी दुर्घटना, सांप-बिच्छू या अन्य प्रकार के कीड़ों के काटने से या किसी सर्जिकल ऑपरेशन और प्रसव के दौरान होती है, तो प्रभावित परिवार को मातृ शक्ति बीमा योजना के तहत 2 लाख तक की आर्थिक मदद दी जाती है।

शरीर के किसी अंग के क्षतिग्रस्त होने तथा अपंग होने पर भी महिला या लड़की को एक लाख दिए जाते हैं। पति की मृत्यु पर भी महिला के लिए इसी योजना के तहत आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। अगर प्रभावित परिवार को हिमाचल प्रदेश आपदा एवं राहत नियमावली-2012 के तहत लाभ मिल चुका है, तो उस स्थिति में भी प्रभावित परिवार को मातृ शक्ति बीमा योजना से लाभान्वित करने पर विचार किया जा सकता है।

### प्रदेश सरकार ही वहन करती है प्रीमियम : डीसी अमरजीत



डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि यह मांग आधारित योजना है और इसका मूल उद्देश्य गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे परिवारों की महिलाओं को मुफ्त में बीमा कवर प्रदान करना है। इस योजना का प्रीमियम प्रदेश सरकार ही वहन करती है। डीसी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए बहुत ही सरल प्रक्रिया निर्धारित की गई है। किसी दुर्घटना या अन्य उपरोक्त कारणों से बीपीएल परिवार की लड़की या महिला की मृत्यु पर प्रभावित परिवार संबंधित खंड विकास अधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ एफआईआर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी संलग्न करके इस योजना का लाभ उठा सकता है। अपंग होने की स्थिति में प्राधिकारी द्वारा जारी मेडिकल प्रमाण पत्र जरूरी है। पति की मृत्यु पर सहायता राशि पाने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा जारी एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित मृत्यु प्रमाण पत्र होना चाहिए।

## भाई के दोस्त पर लगाया गहने चोरी करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के अंतर्गत गौरव कानूनगो पुत्र नंद लाल निवासी हाउस नंबर 9, वार्ड नंबर 5, डॉ. भोटा तहसील बड़सर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके छोटे भाई का दोस्त 20 से 21 नवंबर को उनके घर पर रुका था।

21 नवंबर को उनके घर की अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और घर से पैसे व गहने गायब थे। शिकायतकर्ता को शक है कि उसके भाई के दोस्त ने घर पर चोरी की है। थाना प्रभारी ललित महंत ने बताया कि इस संदर्भ में मुकद्दमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## आयोजन: अणू के सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित की गई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप

# महिला वर्ग में परीक्षा व लड़कों में संजीव कुमार बने चैंपियन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर ओपन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप रविवार को सिंथेटिक ट्रैक हमीरपुर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में अंडर 16 महिला वर्ग में 2 किलोमीटर दौड़ में शगुन ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर 18 महिला वर्ग में 4 किलोमीटर दौड़ में सुहानी ने प्रथम स्थान, कशिश ने दूसरा और अंकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अंडर 20 महिला वर्ग में 6 किलोमीटर दौड़ में मनीषा ने प्रथम स्थान और अंकिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की 10 किलोमीटर दौड़ में परीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़कों की अंडर 16 में 2 किलोमीटर दौड़ में पंकज खरियाल ने प्रथम स्थान, आरक्षित शर्मा ने दूसरा व नक्ष चौहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


अणु के सिंथेटिक ट्रैक पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार धावक।

अंडर 18 की 6 किलोमीटर दौड़ में अतुल शर्मा ने प्रथम स्थान, आयुष चौहान ने दूसरा व मृदंग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 20 की 8 किलोमीटर दौड़ में आदित्य ठाकुर ने प्रथम स्थान, रजत चौहान ने दूसरा और निक्षित ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 10 किलोमीटर दौड़ में संजीव कुमार ने प्रथम स्थान, रोहित ने दूसरा और आदित्य पठानिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एसोसिएशन के महासचिव संदीप डडवाल ने कहा कि प्रत्येक आयु वर्ग में पहले दो स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 15 तारीख को ऊना में होने वाली राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

राष्ट्रीय स्तर के एसएआई कोच केहर सिंह पटियाल, अनिल शर्मा कोच सह संयुक्त सचिव एन टीजीटी आर्ट्स, विजय राणा वित्त सचिव सह आयोजन सचिव एन लेक्चरर आईपी, लकी ठाकुर कोच सह टीजीटी हिंदी, रजनीश शर्मा कोच सह टीजीटी नॉन मेडिकल, प्रिया ठाकुर, रोहित ठाकुर, कार्तिक शर्मा, अभय शर्मा, आदित्य पटियाल, निर्मल, हर्ष ठाकुर, तारिका, सृष्टि ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। पदक विजेताओं को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। केहर सिंह पटियाल राष्ट्रीय स्तर के साई के कोच मुख्य अतिथि थे। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों को जलपान कराया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### सीएम कल को करेंगे रज्जू मार्ग का लोकार्पण



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 3 दिसंबर को दोपहर लगभग एक बजे पंडोह के समीप कैंची मोड़ से बगलामुखी माता मंदिर, बाखली तक हिमाचल प्रदेश रोपवे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित 750 मीटर लंबे रज्जू मार्ग का विधिवत लोकार्पण करेंगे। माता बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के उपरांत मुख्यमंत्री दोपहर बाद बाखली के नेचर पार्क में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इस अवसर पर उनके साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत सायंकाल को वे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बच्चों ने कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का मोहा मन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय कून में वार्षिक पारितोषिक वितरण धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम देश कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर गांव दयोल रसाड़ी कून गांवों के लोगों ने विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड एसडीओ डीआर भरमोरिया ने बच्चों को आशीर्वाद दिया मुख्याध्यापक मनोज ठाकुर ने वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी समस्त लोगों को प्रदान की। रिटायर्ड ड्राइंग मास्टर मनजीत ठाकुर गांव चोलथरा ने बच्चों को 12 हजार रुपए के ट्रैक सूट भेंट किए। करण गुलेरिया ने पास आऊट बच्चों को 1100 रुपए प्रत्येक विद्यार्थी को और सभी बच्चों को कैप भेंट की। मुख्यातिथि ने बच्चों के कार्यक्रम पर 5100 रुपए की राशि विद्यार्थियों को भेंट की।

### पॉलरासु ने किया शिवा परियोजना के क्लस्टर का दौरा



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बागवानी विभाग के सचिव सी पॉलरासु ने जोगिंद्रनगर के चौंतड़ा विकास खण्ड के अंतर्गत ढेलूहार में स्थित शिवा परियोजना के एक क्लस्टर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय किसानों व विभाग के अधिकारियों से इस क्लस्टर के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जल उपभोक्ता संघ के प्रधान भजन लाल ने क्लस्टर में विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके दौरान बागवानों की मांग पर बागवानी सचिव ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द क्लस्टर में टपक सिंचाई की सुविधा मुहैया करवाने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विकास खंड में विश्व बैंक द्वारा प्रायोजित बागवानी विकास प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्थापित टिशू कल्चर यूनिट का भी दौरा किया तथा दौरे के दौरान बागवानों को सेब के अतिरिक्त अन्य फलदार पौधों की किस्मों इत्यादि पर भी काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कृषि भूमि में चर रहे आवारा पशु, किसान परेशान



**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र के एक बड़े भाग में बेसहारा पशुओं के बढ़ने से तरह-तरह का नुकसान हो रहा है। एक ओर जहां सूखे की मार से किसान वर्ग जोरदार ढंग से पड़ रही शुष्क ठंड से चिंतित है वहीं कुछ कसर बेसहारा पशु पूरी कर रहे हैं। बुद्धिजीवी लोगों ने प्रशासन व हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बेसहारा पशु नियंत्रित करने के लिए एक नीति बनाई जाए।

### सकारात्मक सोच सफलता की सीढ़ी : जय गोपाल



**आदर्श यादव, नेरचौक।** सकारात्मक सोच सफलता की सीढ़ी है। यह शब्द बतौर तहसीलदार सेवानिवृत्त हुए जय गोपाल शर्मा ने कहे। उन्होंने राजस्व विभाग में अपनी ईमानदार और बेहतर सेवाओं का बखान करते हुए जब अपने जीवन के हर पहलू को साझा किया तो बताया कि करीब चार दशक पूर्व उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत मजदूरी से की थी। जयगोपाल शर्मा सुंदरनगर जिला मंडी के रहने वाले हैं। जयगोपाल के पिता पुरोहित का कार्य करते थे। जयगोपाल का बचपन काफी संघर्ष से भरा हुआ रहा है। वर्ष 1987 में सीधी भर्ती से कानूनगो के रूप में सरकारी सेवा में आए। इस बीच हिमाचल विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा भी उत्तीर्ण की। 2010-11 में नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए। बिलासपुर जिले के नम्होल और मंडी जिला के बालीचौकी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दीं। बर्ष 2014 में तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए। जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर, नूरपुर, जिला मंडी के बल्ह, चच्योट,जिला बिलासपुर के सदर और घुमारवीं तथा जिला कुल्लू के निरमंड में तहसीलदार के पद पर कार्य किया और 30 नवंबर को निरमंड जिला कुल्लू से बतौर तहसीलदार सेवानिवृत्त हुए।

### गागल में हर्षोल्लास से मनाया सत्संग संकीर्तन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल का मासिक सत्संग संकीर्तन हिमाचल धाम आश्रम गागल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस दौरान दिलीप सैनी ने डूबतो को बचा लेने वाले मेरी नईया है तेरे हवाले, किशोरी तेरे बरसाने में राधे तेरे बरसाने भजनों की प्रस्तुति देकर मंत्र मुक्त किया इसके अलावा कश्मीर सिंह ठाकुर ने चली जा रही है उम्र धीरे धीरे, समय का इक पहिया चलता है जिस पहिये के साथ किसी का भाग्य बदलता है, तेरी चौखट पर जनत का नजारा हमने देखा आदि भजनों की बेहतर प्रस्तुति दी, वहीं मेहर सिंह ने जहां ले चलोगे वहां में चलूंगा। शरणं शरण शांति के धाम एक सहारा तेरा नाम, लोक गायक रमेश कुमार ने छू लेने दो इन चरणों को बन जाने दो सोना, चरण कमल अब नहीं खोना, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, दुर्गा दास ने बाबा तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए आदि भजन प्रस्तुत किये। इसके अलावा ओम का उच्चारण और स्वाध्याय करके समारोह का समापन किया गया। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भंडारा परोसा गया।

### अश्लील हरकत करने पर प्राथमिकी दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना के तहत मेरामसीत क्षेत्र में एक महिला के साथ अश्लील हरकतें करने पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में पीड़ित महिला के कहा है कि वह शनिवार दोपहर करीब एक बजे अपने घर की ओर जा रही थी।

इस दौरान रास्ते में एक व्यक्ति ने अपने आंगन से उसे आवाज लगा उसे घर के अंदर बुलाया। जब वह घर के अंदर पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें की और उसकी लज्जा भंग करने की कोशिश की। उसने किसी तरह वहां से भाग कर अपने घर पहुंची। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

---

मंडी-पठानकोट फोरलेन एलाइनमेंट पर संघर्ष समिति ने दी जन आंदोलन की चेतावनी

# पुरानी एलाइनमेंट पर स्पष्टता की मांग

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



बैठक के दौरान 40 पंचायतों के प्रतिनिधि और संघर्ष समिति के सदस्य ।

जोगिंद्रनगर उपमंडल के माता जालपा मंदिर प्रांगण गलू मेला मैदान में फोरलेन संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में समिति अध्यक्ष ब्रिज गोपाल अवस्थी की अध्यक्षता में 40 पंचायतों के जनप्रतिनिधि, महिला मंडल सदस्य, व्यापार मंडल और विभिन्न क्षेत्रों जैसे शानन, गलू पट्ट, हराबाग, पधर, उरला, और नारला के लोग शामिल हुए।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य फोरलेन परियोजना के एलाइनमेंट पर अपनी चिंताएँ व्यक्त करना था। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने अपनी बातें रखीं और परियोजना के प्रस्तावित एलाइनमेंट पर विरोध जताया। वक्ताओं ने एनएचएआई अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे क्षेत्रीय जनसंख्या को सूचित किए बिना पुरानी एलाइनमेंट को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे हैं। इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताते हुए संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि अगर पुराने एलाइनमेंट में कोई बदलाव किया जाता है, तो क्षेत्र की जनता जन आंदोलन का रुख अपनाएगी।

संघर्ष समिति ने प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों से पारदर्शिता की मांग की और कहा कि अगर क्षेत्र के विकास में हो रही उपेक्षा को नहीं रोका गया, तो जनता सख्त कदम उठाएगी। समिति के सदस्यों ने यह स्पष्ट किया कि क्षेत्रीय विकास योजनाओं में जोगिंद्रनगर की लगातार अनदेखी की जा रही है और अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

#### शानन पावर हाउस और क्षेत्रीय विकास पर सौतेले व्यवहार का आरोप

**बैठक** के दौरान दिनेश ठाकुर, मोहन सिंह ठाकुर, संतराम, बलदेव राणा, ओम मरवाह, और जोगिंद्र पाल शर्मा ने कहा कि शानन पावर हाउस और फोरलेन परियोजना में क्षेत्र की जनता के अधिकारों की लगातार अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर और इसके आसपास के क्षेत्र हमेशा विकास योजनाओं में उपेक्षित रहे हैं। इस बार जनता नहीं चुप रहेगी और अपनी आवाज उठाएगी।

#### हक के लिए लड़नी पड़ती है लड़ाई : ओम मरवाह

**बैठक** के दौरान व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के वरिष्ठ सदस्य ओम मरवाह ने कहा, 'हक मांगने से नहीं मिलते, हक के लिए लड़ाई लड़नी पड़ती है। जैसे कि बच्चा जब तक रोता नहीं, तब तक मां भी दूध नहीं पिलाती है'। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र के लोग अपने हक के लिए संघर्ष नहीं करेंगे, तो उनके अधिकारों को नजरअंदाज किया जाएगा। ओम मरवाह ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि जोगिंद्रनगर के लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ें और प्रशासन पर दबाव डालें। उनका यह बयान संघर्ष समिति के संघर्ष की भावना को मजबूत करने का काम कर रहा था।

#### एसडीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**संघर्ष** समिति ने यह भी निर्णय लिया कि वे जल्द ही एसडीएम जोगिंद्रनगर और पधर को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें पुरानी एलाइनमेंट पर स्पष्टता की मांग की जाएगी। समिति ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को विश्वास में लिए बिना कोई भी बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस ज्ञापन में उन सभी समस्याओं का भी उल्लेख किया जाएगा, जिनका सामना क्षेत्रवासियों को वर्तमान में करना पड़ रहा है।

#### अधिकारों के लिए हर कदम उठाने को तैयार

**बैठक** के समापन पर संघर्ष समिति ने यह स्पष्ट किया कि क्षेत्र की जनता अपने अधिकारों के लिए हर संभव कदम उठाएगी। समिति ने यह भी कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक प्रशासन और एनएचएआई क्षेत्र की जनता के हितों का ध्यान नहीं रखते। यह बैठक इस बात का प्रतीक है कि जोगिंद्रनगर की जनता अब अपने अधिकारों को लेकर एकजुट है और किसी भी कीमत पर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है।

---

कार्डियोलॉजी सम्मेलन हिमकार्डियोकॉन का आयोजन

# 2025 के सम्मेलन में हृदय स्वास्थ्य में होंगी नई खोजें



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

पहला वार्षिक राज्य कार्डियोलॉजी सम्मेलन हिमकार्डियोकॉन मंडी में आयोजित हुआ, जिसमें हिमाचल प्रदेश और देश भर से प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और स्वास्थ्य पेशेवर शामिल हुए।

इस सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में हृदय रोग देखभाल में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की गई। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना और हृदय रोग देखभाल में अत्याधुनिक तकनीक और सहयोग के माध्यम से मरीजों के उपचार में सुधार करना था। सम्मेलन की शुरुआत डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा हिमाचल प्रदेश में कार्डियोलॉजी के विकास को याद करते हुए हुई। इसके बाद देशभर के छात्र कार्डियोलॉजिस्ट, जिनमें आईजीएमसी शिमला और आरपीजीएमसी टांडा के छात्र शामिल थे, ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सम्मेलन में हृदय विफलता, उच्च रक्तचाप, गर्भावस्था में हृदय रोग, बाल चिकित्सा कार्डियोलॉजी, और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते हृदय रोग पर इंटरैक्टिव पैनल चर्चाएं हुईं।

यह हिमाचल प्रदेश का पहला कार्डियोलॉजी सम्मेलन था। इसका आयोजन डॉ. संजीव असोत्रा (अध्यक्ष), डॉ. मुकुल भटनागर (वैज्ञानिक अध्यक्ष), डॉ. कुनाल महाजन (सचिव), डॉ. जय भारत शर्मा, डॉ. सुरेंद्र हिमराल और वरिष्ठ सलाहकारों डॉ. सुमन राव आदि द्वारा किया गया। आयोजन समिति ने चिकित्सा विशेषज्ञों, तकनीकी विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की अपील की।

उनके अनुसार कार्डियोलॉजी का भविष्य केवल नवाचार में नहीं, बल्कि इन प्रगतियों को सभी मरीजों के लाभ के लिए लागू करने की हमारी क्षमता में है। 2025 सम्मेलन की योजनाएं पहले से ही चल रही हैं, जो हृदय स्वास्थ्य में और भी नई खोजों को सामने लाएगा।

---

## छात्र से मारपीट पर अध्यापक पर केस

**सुंदरनगर।** बीएसएल सीसे मॉडल स्कूल में छात्र के साथ मारपीट करने पर थाना बीएसएल में अध्यापक के खिलाफ पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में छात्र के पिता ने कहा कि उसका बेटा बीएसएल मॉडल स्कूल में पढ़ता है। शनिवार को एक अध्यापक ने बिना किसी कारण मारपीट की। जिस कारण उसके बेटे के बाजू में चोट लगी है। उसका बेटा प्रधानाचार्य के पास शिकायत लेकर गया तो उसकी कोई बात नहीं सुनी गई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि आरोपी अध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सगनेहढ़ में निर्माणाधीन मकान में आग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

▶ दमकल विभाग ने समय रहते बचाई 2.5 लाख की संपत्ति



घटनास्थल पर मौजूद कर्मी।

सगनेहढ़ गांव में एक निर्माणाधीन मकान में रखे घास में शनिवार देर रात आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल चौकी जोगिंद्रनगर की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। घटना की जानकारी 5:12 बजे मिली, जिसके बाद दमकलकर्मी तुरंत हरकत में आए।

पैरा पंप और होज रील की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। विभाग की त्वरित कार्रवाई से जहां 5,000 रुपये का नुकसान हुआ, वहीं करीब 2.5 लाख रुपए की संपत्ति को सुरक्षित बचा लिया गया। दमकल विभाग प्रभारी कर्म सिंह ने बताया की त्वरित कार्रवाई और जिम्मेदारी प्रयासों की स्थानीय निवासियों ने सराहना की। मौके पर कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

## महिलाओं को बताई गैस से सुरक्षित रहने की बातें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मुख्यातिथि के साथ कुकिंग प्रतियोगिता की विजेता एवं प्रतिभागी ।

इंडियन आयल कंपनी की ओर से गृहणियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को भ्यूली में कुकिंग कंपिटीशन का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति अनुपमा सिंह बतौर मुख्यातिथि मौजूद रही।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एलपीजी इस्तेमाल के सुरक्षित उपाय कार्यक्रम के तहत इंडियन आयल को विभिन्न गैस एजेंसियों के दायरे में आने वाली महिलाओं के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए जिससे घर में किसी तरह की अनहोनी का अंदेशा कम रहेगा। उन्होंने अभियान की सराहना करते हुए कुकिंग कंपिटीशन में भाग लेने वाली गृहणियों के हुनर की प्रशंसा करने के अलावा उनके साथ मक्की की रोटी बनाने का भी अभ्यास किया।

इस अवसर पर इंडियन आयल के क्षेत्रीय प्रबंधक नितिन टंडन ने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कंपनी की ओर से देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान रसोई गैस उपकरणों की जांच के अलावा उनका बदलाव भी मौके पर किया जाता है। हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी अभियान के तहत स्कूलों में जाकर इस बारे जानकारी दी जा रही है। कुकिंग कंपिटीशन में सागरी देवी के चिलड़ू, भल्ले और माह की दाल को प्रथम पुरस्कार मिला।

## लैमन मून रेस में अंकिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक विजय शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लैमन मून रेस में अंकिता ने प्रथम स्थान हासिल किया। सिंगल रेस में आरवदीप ने बाजी मारी। फ्रॉग रेस में अनाया ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

अभिषेक और ऋयांश विजेता बने। खो-खो में पेसिफिक हाउस ने बाजी मारी। बैडमिंटन में राखिका और आराध्या ने जीत दर्ज की। 200 मीटर रेस में निशाल और इशिता विजेता रहीं। कबड्डी में इंडियन हाउस ने जीत का परचम लहराया।

बॉयज वर्ग में अभिषेक ठाकुर और आदित्य प्रथम रहे, जबकि आयुष और मोहित द्वितीय स्थान पर रहे। गर्ल्स वर्ग में रितिक और स्वाति बर्वाल ने पहला तथा अवनी और अंशिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि किरण शर्मा ने कहा, वार्षिक खेल उत्सव बच्चों को अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन दिखाने का सुनहरा मौका देता है। वहीं, स्कूल निदेशक विजय ने खिलाड़ियों को खेल भावना का महत्व बताया।

## मारपीट करने पर पति पर केस

**सुंदरनगर।** बीएसएल थाना के तहत कटेरु में महिला ने पति पर मारपीट करने का आरोप लगा कर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा है कि शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर पर सोई हुई थी।

इसी दौरान उसका पति परस राम नशे के हालत में घर पर आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध जताया तो वह मारपीट करने लगा। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## रविकांत बने सनातन धर्म सभा के प्रधान



चुनी गई नई कार्यकारिणी, ओम चंद कपूर को सम्मानित करते हुए प्रधान व अन्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सनातन धर्म सभा मंडी का साधारण अधिवेशन रविवार को सनातन धर्म परिसर में संपन्न हुआ जिसमें नई गठित की गई कार्यकारिणी में रवि कांत कपूर को लगातार दूसरी बार प्रधान चुना गया। नीलम वैद्य द्वारा साधारण अधिवेशन का मंच संचालित किया गया।

इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान रविकांत वैद्य ने नई कार्यकारिणी का ऐलान करते हुए तारा चंद शर्मा को उपप्रधान, केके गोयल को महासचिव, चंद्र प्रकाश शर्मा को संयुक्त सचिव, केके मल्होत्रा को कोषाध्यक्ष, गोपाल शर्मा मंदिर प्रबंधक, रोशन लाल भारद्वाज सराय प्रबंधक, बालकृष्ण शर्मा प्रेस सचिव तथा चंद्र प्रकाश वैद्य को सहसचिव प्रैस बनाया गया।

पुरानी कार्यकारिणी की ओर से साल भर का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया जबकि वक्ताओं ने अपने विचार भी रखे।

## मारपीट करने पर प्राथमिकी दर्ज

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना में एक युवक के साथ मारपीट करने और रॉड से वार करने पर थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में राम सरन(38) पुत्र स्व. ख्याली राम निवासी सुंदरनगर ने कहा है किवह गांव नालग से तलेली गया हुआ था। इस दौरान उसे राकेश कुमार पुत्र खेबू राम निवासी गांव बाल्हड़ा मिला और बिना मतलब उसके साथ बहस बाजी करने लगा।

राकेश ने मारपीट की। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## सुंदरनगर में 6 ग्राम चिट्टा सहित युवक धरा

**सुंदरनगर।** बीएसएल थाना पुलिस के दल ने गशत के दौरान एक युवक को 6 ग्राम चिट्टा के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीएसएल थाना के दल ने एक युवक की संदेह के आधार पर पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास 6 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी एल्ड्रिन राठौर निवासी गांव सेंथल डाकघर रजवाड़ी तहसील बल्ह को हिरासत में ले लिया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## कठोगण में खुला मशरूम प्रदर्शनी केंद्र

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं व अन्य।

भदरोता की ग्रामीण वन विकास समिति 'कठोगण' में समीर रस्तोगी, पीसीसीएफ, मुख्य परियोजना अधिकारी, जाईका, हिप्र ने नवनिर्मित राज्य स्तरीय मशरूम प्रदर्शिनी केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त, डीएफओ वेद प्रकाश पठानिया, एसीएफ सुकेत, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर सरकाघाट रजनी राणा, बीओ थौना अश्विनी बन्याल, फॉरेस्ट गार्ड पंकज व विजय, एसएमएस सुकेत विजय कुमार, एफटीयू कोऑर्डिनेटर सरला देवी, एसएमएस मण्डी जितिन शर्मा, वन विकास समिति 'कठोगण' के प्रधान सार्जेंट पवन कुमार ठाकुर, सचिव गोपाल सिंह मशरूम समुह के प्रधान सेवानिवृत्त सूबेदार बालम राम ठाकुर, मांडव क्लस्टर प्रधान रोशन लाल, ग्राम पंचायत टिक्कर उपप्रधान अच्छर सिंह व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

वन विकास समिति 'कठोगण' के प्रधान पवन कुमार ने सभी ग्रामीणों की ओर से गांव के विकास में सहयोग करने के लिए परियोजना अधिकारियों एवं वन अधिकारियों का आभार जताया। पवन ठाकुर ने बताया कि जाईका परियोजना और ग्रामीण सहभागिता से मशरूम प्रदर्शनी केन्द्र का निर्माण कर दिया गया है।

उन्होंने वन विकास समिति के मार्गदर्शन के लिए परियोजना अधिकारी वेद प्रकाश पठानिया और एसएमएस सुकेत विजय कुमार का व वित्त की व्यवस्था करने के लिए डीएफओ सुकेत, रेंज आफिसर सरकाघाट का धन्यवाद जताया गया।

## धनोटू मार्ग पर पड़ी दरारें

**भीम बसेड़ू, महादेव**



गांव धनोटू स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय से सटे मार्ग का एक बड़ा भाग देखकर लगता है कि संबंधित मरम्मत आदि कार्य की तकनीकी का मखौल अधिक उड़ाया गया है क्योंकि पक्के मार्ग की चौड़ी होती जा रही दरारें डाले गए मैटेरियल के बार-बार सरकने से एक बड़ा सवाल गुणवत्ता को लेकर भी खड़ा करता है।

बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य से पुरजोर मांग की है कि संबंधित विभाग को निर्देश देकर आधुनिक तकनीक के ढंग के कार्य को अमलीजामा पहनाया जाए।(अनंत ज्ञान)




## अवैध रूप से शराब बेचने पर केस दर्ज

**सुंदरनगर।** बीएसएल थाना पुलिस ने चाय की दुकान में अवैध रूप से बेचने पर दुकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार थाना बीएसएल कॉलोनी का दल सेगली क्षेत्र में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में चाय की एक दुकान में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

जिस पर पुलिस दल ने चाय की दुकान पर छापेमारी कर वहां से 2 हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

**बदलाव** अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई की गारंटी पूरी होने से सरकारी स्कूलों में आया सुखद बदलाव

# स्मार्ट क्लास रूम में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने पर चहके नौनिहाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिला के उपमंडल सुंदरनगर के प्रारंभिक विद्यालयों में अब बच्चे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों को स्मार्ट क्लास रूम में एलइडी स्क्रीन और प्रोजेक्टर से भी पढ़ने की सुविधा मिल रही है।

पहली कक्षा से ही अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा प्रदान करने की प्रदेश सरकार की गारंटी पूरी होने से ही यह संभव हो पाया है। राजकीय आदर्श केंद्रीय प्रारंभिक पाठशाला सुंदरनगर में प्री-प्राइमरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चे आधुनिक तौर-तरीकों से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। केंद्रीय मुख्य शिक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पाठशाला में लगभग 185 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जो सरकारी स्कूल के लिए गर्व की बात है।

प्री-प्राइमरी से दूसरी कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान की जा रही है। यहां पर स्मार्ट कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों को हर दिन अलग-अलग प्रकार के दोपहर भोजन के साथ सप्ताह में एक बार पोषण आहार के रूप में फल और अंडा भी दिया जाता है। सत्र 2024-25 के लिए प्रारंभिक शिक्षा खंड सुंदरनगर-1 में प्री-प्राइमरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक सभी विद्यार्थी आधुनिक तकनीक से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।



#### अभिभावकों ने की योजनाओं की सराहना

» बच्चे के पिता जगदीश ने मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनहितैषी निर्णयों से ही स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा स्तर को बढ़ाने के लिए सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

»बच्ची की माता मीना देवी का कहना है कि सरकारी स्कूल में अच्छी सुविधाएं दी जा रही है। एलकेजी से दूसरी कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करवाई जाती है।

#### बच्चे ले रहे अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा

**राजकीय** आदर्श केंद्रीय प्रारंभिक पाठशाला सुंदरनगर की एसएमसी प्रधान नीलम शर्मा का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा शुरू कर दी गई है। जो परिवार प्राइवेट स्कूल की अधिक फीस नहीं दे सकते थे, वह अब अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ा सकते हैं। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि उनका बेटा शिवम एलकेजी तथा बेटी तिलांजलि शर्मा दूसरी कक्षा में इसी स्कूल में पढ़ते है। स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम में लगे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बहुत अच्छी शिक्षा मिलती है। स्कूल में एमडीएम कार्यकर्ता भी अच्छे से कार्य कर रहे हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सप्ताह में हर दिन अलग-अलग आहार दिया जाता है।

# ऊना के हर विधानसभा क्षेत्र में लगेगा ईट राइट मेला : उपमुख्यमंत्री

## मुकेश अग्निहोत्री ने स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर दिया बल, बोले-यह पहल स्वास्थ्य के लिए है अति उत्तम

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को ऊना में आयोजित 'ईट राइट मेला' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया, साथ ही उन्होंने पारंपरिक पौष्टिक व्यंजनों के महत्व को उजागर करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल बेहतर स्वास्थ्य के लिए हितकारी होगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करने में सहायक बनेगी। उन्होंने इस मेले को स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और जिला प्रशासन को ऊना जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में इस तरह के आयोजन करने को कहा।

यह मेला जिला प्रशासन ऊना और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ऊना में आयोजित किया गया था। मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों को सही आहार और बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर प्रदर्शित उत्पादों के बारे में जानकारी ली और पौष्टिक व्यंजनों का स्वाद भी चखा। उन्होंने इस अनूठी पहल के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश के सबसे लंबे ऊना-हरोली पुल को एक व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि पुल के दोनों ओर विशेष फूड मार्केट विकसित की जाए, जहां स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद बेच सकें।



मुकेश अग्निहोत्री ईट टू राइट मेले में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जिले में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऊना जिला विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जिले में 2000 करोड़ रुपए की लागत से सिंचाई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके माध्यम से हर खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए बताया कि वीआईपी वाहन नंबर प्राप्त करने के लिए अब भुगतान सेवा शुरू की गई है, जिससे पिछले आठ महीनों में 20 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास और व्यवस्था में सुधार के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ने मंदिरों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में माता श्री चिंतपूर्णी जी, माता श्री नयनादेवी जी और बाबा बालकनाथ जी जैसे अनेक प्रसिद्ध और समृद्ध मंदिर हैं, जो करोड़ों भक्तों की आस्था के केंद्र हैं। इन मंदिरों को हर वर्ष करोड़ों रुपए का चढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि यह संबंधित जिलों के प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वे इन मंदिरों के समग्र विकास के लिए उचित और सुदृढ़ योजना तैयार करें। इसके लिए सरकार ने जरूरी निर्देश दिए हैं।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के भव्य भवन का निर्माण 300 करोड़ रुपऐ की लागत से किया जाएगा, जिसकी पूरी योजना तैयार हो चुकी है। उन्होंने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन को नई पहले करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर दर्शन के मुख्य मार्गों पर सेल्फी प्वाइंट विकसित किए जाएं और महत्वपूर्ण स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर से जुड़ी जानकारी और सुविधाएं आसानी से मिल सकें। मुकेश अग्निहोत्री ने यह भी बताया कि सुगम दर्शन प्रणाली के माध्यम से मंदिर ने अल्प समय में 2 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है, जो मंदिर की समग्र विकास योजनाओं को साकार करने में सहायक होगी। उपमुख्यमंत्री ने जिले में टिप्परों के समय-असमय अनियंत्रित आवागमन पर गंभीरता दिखाते हुए इसे नियंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन से कहा कि टिप्परों की आवाजाही के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। सुबह 7 से 9.30 बजे और शाम 6 से 9 बजे के बीच टिप्परों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए, ताकि स्कूली बच्चों और सैर के लिए निकले लोगों को असुविधा न हो।

मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना को नशामुक्त और अवैध खनन मुक्त जिला बनाने पर विशेष जोर दिया। उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों को हर बात में सिर्फ हल्ला करने की आदत होती है। शोर मचाने वाले शोर मचाते रहेंगे और हम जनकल्याण और विकास के कार्यों में लगे रहेंगे। वहीं, माता श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि आधुनिक दौर में लोग नई-नई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण जंक फूड का बढ़ता प्रचलन है।

उन्होंने 'ईट राइट मेला' के माध्यम से सही खानपान के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि इस तरह के मेले विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवन और सही भोजन के महत्व की जानकारी मिल सके। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया और मेले के आयोजन से जुड़ी जानकारी साझा की। मेले में विविध सांस्कृति गतिविधियों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कांग्रेस पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा जगदीश धीमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कांग्रेस नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, प्रमोद कुमार, देश राज गौतम व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## संघ हमेशा शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर : दविंद्र

**लठियाणी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ की ऊना जिले की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष दविंद्र कुमार बेली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संघ के सदस्यों ने विभिन्न शैक्षिक मद्दों पर चर्चा की और भविष्य की योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में संघ के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान दविंद्र कुमार बेली ने कहा कि संघ हमेशा शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर है और आगे भी इस दिशा में संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और आंदोलनों की रूपरेखा भी तय की गई।

बैठक का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इस अवसर पर रयात बहरा विवि के वीरेंद्र और चंदन, विनोद वनियाल एक अध्यक्ष एचपीएसएलए प्रधानाचार्य दिनेश मंडल एक सीनियर प्रेजिडेंट दविंद्र सिंह बेली प्रधान एचपीएसएलए, शशि सैनी, राकेश मल्होत्रा, अजय अहरुवाला, जागीर सिंह प्रधानाचार्य, प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह, शशि शर्मा, हरविंद्र सिंह, अमन कुमार, राजीव कुमार, अनिल कुमार, बलवंत सिंह, कुलदीप कुमार, चेतन जसवाल, सरीना शर्मा, सविता देवी, रवि कुमार आदि कई स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं प्रवक्ता मौजूद थे।

## अधिकारियों को दिए विकास कार्यों को गति देने के निर्देश

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को हरोली विकास खंड के अधिकारियों और पंचायत सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। हरोली में एसडीएम कार्यालय सभागार में आयोजित इस बैठक में उपमुख्यमंत्री ने हरोली को विकास के क्षेत्र में न केवल प्रदेश, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों से विकास कार्यों की समय सीमा तय करने को कहा और पंचायतों में चल रहे कार्यों का फीडबैक लिया। बैठक में कांग्रेस नेता रणजीत राणा, उपायुक्त जतिन लाल, एसपी राकेश सिंह, एसडीएम विशाल शर्मा, बीडीओ वीरेंद्र कुमार कौशल, पंचायत सचिव, जेई तकनीशियन और ग्राम सेवक भी उपस्थित थे।

## छात्रों को कड़ी मेहनत से मिलेगी सफलता : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के युवा छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार लेकर आगे बढ़ें। नशे से दूर रहकर जीवन को सार्थक करके अपने गुरुजनों ओर माता-पिता का मान-सम्मान बढ़ाएं। बच्चे जितना नशे से दूर रहोग, उतना ज्यादा जीवन सार्थक बनेगा। एक लक्ष्य निर्धारित करके अपनी सफलता की मंजिल को हासिल करें।



डोहगी स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।

ये शब्द राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा बिंग के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला ऊना के भाजयुमो सचिव अजय ठाकुर ने पीएआर मॉडल हाई स्कूल डोहगी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कहे। अजय ठाकुर ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी जरूरी हैं। उक्त स्कूल में समय-समय पर छात्रों को अपने सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अपने पौराणिक संस्कारों से बच्चों को प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इलाके के प्रसिद्ध विद्वान वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व. पंडित आत्मा राम के नाम से यह स्कूल चल रहा है। इस स्कूल में कई बड़े धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए हैं, जिनमें मुझे भी आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

उन्होंने कहा कि आज पंडित आत्मा राम हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन स्कूल के नाम से हर दिन हर व्यक्ति उस पवित्र आत्मा को याद करता है। आज के समय में कुछ युवा नशे के दलदल में जा रहे हैं, जो एक बड़ा चिंतनीय विषय है, लेकिन हमें अपने बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। समाज के असाहय गरीब अनाथ परिवारों के बच्चों की आर्थिक मदद पढ़ाई के लिए करती है। आप अपने पड़ोस या रिश्तेदारों के ऐसे परिवारों के बच्चे हों तो वह जरूर संपर्क करें, ताकि कोई बच्चा आर्थिकी तंगी के कारण पढ़ाई से बंचित न रहे। वहीं, स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिद्दा, भांगड़ा, पहाड़ी नाटी एकल गान से खूब वाहवाही लूटी।

मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने स्कूल कार्यक्रम के लिए 11000 की नकद राशि प्रदान की इस मौके पर स्कूल मुख्याध्यापक लखनपाल शर्मा, उपप्रधान राजेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, सनंदन शर्मा, किरण बाला, शबीर कुमार, रेखा देवी आदि काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## समारोह समाप्त, अब पढ़ाई पर ध्यान दें छात्र : विवेक

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हमने जो निर्धारित समय वार्षिक कार्यक्रमों का किया था, वह अब पूरा हो गया है। अब अध्यापक और स्कूली छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। स्कूल स्टाफ आगे तीन महीने छात्रों से कड़ी मेहनत करें ताकि कुटलैहड़ के हर स्कूल का बेहतर परिणाम हो। ये शब्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट, पीपलू ओर भयांबी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह कार्यक्रम में विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि शिरकत करके छात्रों को संबोधित करते हुए कहे। विवेक शर्मा ने कहा कि हमने स्कूलों में राजनीति को खत्म करने का काम किया है। वहीं स्कूलों द्वारा रखी गई मांगों पर विधायक विवेक शर्मा ने लाखों रुपए की घोषणा की। स्कूलों को 5100, 5100, 5100 रुपए, स्कूलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए और 2100-2100 रुपए प्राइमरी स्कूल को देने की घोषणा की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, प्रवक्ता कांग्रेस डॉ. विजय डोगरा, जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, सुदेश शर्मा, स्कूल का सारा स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारी एवं काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।



## हिमाचल थ्रो बॉल जूनियर टीम के खिलाड़ियों ने अभ्यास के दौरान बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत 34वीं नेशनल जूनियर थ्रो बाल खेलकूद प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के इंदौर में 9 से 11 दिसंबर को आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के लड़के तथा लड़कियों की टीमें भी भाग ले रही हैं।

हिमाचल प्रदेश थ्रो बॉल एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य ने बताया कि सभी खिलाड़ियों का चयन हो गया है। पहले छह खिलाड़ियों में कौन खेलेगा और अगले छह में कौन खेलेगा, उनके नाम तय कर लिए गए हैं। रविवार को ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के खेल मैदान में हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिलों के खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए पहुंचे। खिलाड़ियों ने कड़ा अभ्यास किया और जीत हासिल करने की भरपूर कोशिश की जाएगी।



अभ्यास करती थ्रो बॉल की जूनियर टीम।

इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमन शर्मा, महासचिव जोगिंद्र देव आर्य, राष्ट्रीय मैच रैफरी यशवीर सिंह, कोच पूर्ण चंद शर्मा, कोच मुरारी लाल सहित लड़कियों की टीम कप्तान मानसी राणा, लड़कों का टीम कप्तान आदर्श राणा सहित अन्य खिलाड़ी व उनके अभिभावकों सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## अवैध खनन करने वालों पर कसा शिकंजा, जेसीबी और पांच ट्रैक्टर जब्त



**विवेक शर्मा, अंब।** क्षेत्र के कलरूही में प्रशासन और पुलिस ने रविवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन और पांच ट्रैक्टर जब्त किए। यह कार्रवाई स्थानीय अधिकारियों द्वारा अवैध खनन की शिकायतों के बाद की गई। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अवैध रूप से रेत और बजरी की खनन की गतिविधियां बढ़ रही थीं, जिससे पर्यावरणीय नुकसान हो रहा था और सरकारी राजस्व को भी क्षति पहुंच रही थी। प्रशासनिक टीम ने पुलिस बल के साथ मिलकर कलरूही क्षेत्र में छापेमारी की और अवैध खनन में लगे उपकरणों को जब्त किया। जांच के दौरान, अधिकारियों ने पाया कि जेसीबी और ट्रैक्टर बिना अनुमति के खनन कार्य में उपयोग हो रहे थे व जो भी ट्रैक्टर खनन में संलिप्त थे, किसी भी ट्रैक्टर पर नंबर भी नहीं लिखे गए थे। प्रशासन ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एन जी टी के नियमों के तहत जेसीबी का 2 लाख का चालान व ट्रैक्टर का 5000 का चलान किया गया है। प्रशासन द्वारा आगे भी इस तरह की कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। यह कार्रवाई पुलिस और प्रशासन की ओर से अवैध खनन पर नियंत्रण पाने की एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

## सहकारी सभा के शेयरधारकों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिला सहकारी विकास संघ (ऊनकोफैड) के तत्वावधान में बंगाणा विकास खंड की सहकारी सभा रायपुर मैदान में सभा के साधारण सदस्यों (शेयरधारकों) का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ऊना राकेश कुमार, एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के महाप्रबंधक विक्रमजीत, खंड निरीक्षक निरीक्षक सहकारी सभाएं अश्वनी कुमार व सहकारी सभाएं कर्मचारी यूनियन बंगाणा के प्रधान विपन कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए।

ऊनकोफैड से जगमोहन ने इस शिविर में पधारे सहकारिता विभाग के अधिकारियों व सभा की प्रबंधक समिति व साधारण सदस्यों का स्वागत करते हुए हुए शिविर के उद्देश्यों की जानकारी दी व शिविर के माध्यम से सभा के साधारण सदस्यों को सभा की कार्यप्रणाली व अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी से अपने आप को सजग रहने से सभा की प्रगति में योगदान करने का आग्रह किया।

**सहकारी परियोजना द्वारा सभा को दी जाने वाली सहायता से करवाया अवगत**

प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि व वक्ता सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार ने शिविर में उपस्थित सदस्यों कों सभा में अपनी भागीदारी के साथ सभा की कार्यप्रणाली से भली प्रकार अवगत रहने के लिए सभा द्वारा ऋण दिए जाने पर परनोट में लिखित शर्तों को ध्यानपूर्वक समझ कर हस्ताक्षर करने चाहिएं ताकि यह नौबत न आए की ऋणदाता कहें कि मुझे अमुक शर्त की जानकारी ही नही है।

इसी प्रकार अपनी अमानत जमा करने से पूर्व देय ब्याज की दर शर्त को पढ़ें। सभा की प्रबंधक कमेटी को कार्रवाई रजिस्टर में सचिव द्वारा लिखित प्रस्तावों को भली प्रकार समझकर ही हस्ताक्षर करने चाहिएं क्योंकि सभा की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी से कमेटी को छूट नहीं है। सभा के वार्षिक अंकेक्षण की जानकारी खुद व सदस्यों के बीच साझा करने की जिम्मेदारी है, ताकि इस पर साधारण सभा में चर्चा हो।

एकीकृत सहकारी विकास परियोजना के महाप्रबंधक विक्रमजीत ने शिविर में सहकारी परियोजना द्वारा सभा को दी जाने वाली सहायता से अवगत करवाया। इसमें सभा के भवन निर्माण, फर्नीचर, व्यापार विस्तार आदि के लिए वित्तीय सहायता सहायता की उपलब्धता की जानकारी दी। ऊनकोफैड के सचिव अंकित बाली, खंड निरीक्षक सहकारी सभाएं अश्वनी कुमार, सभा के प्रधान व सचिव द्वारा शिविर की व्यवस्था करने के लिए तथा उपस्थित सभा की प्रबंधक कमेटी व सदस्यों का शिविर में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया।




**सम्मान** जम्मू में हुआ आयोजन, ऐतिहासिक जीत पर कॉलेज में हुआ टीम का भव्य स्वागत

# उत्तर क्षेत्रीय महोत्सव में डोहगी महाविद्यालय तृतीय



जम्मू में तृतीय पुरस्कार ग्रहण करते डोहगी संस्कृत महाविद्यालय की टीम

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में श्री रणवीर परिसर जम्मू में 29 दिसंबर को संपन्न हुए उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव में महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. एम चंद्रशेखर के कुशल नेतृत्व में तथा प्राचार्य डॉ. लाल सिंह पठानिया के दिशा-निर्देश में सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

10 संस्थानों में विषमपरिणय नामक नाटक के मंचन द्वारा ऐतिहासिक तीसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय और ऊना जिले का नाम रोशन किया। अध्यक्ष ने भोपाल में होने जा रही राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा के उत्तम प्रदर्शन प्रदर्शन हेतु सभी नाटक पात्रों एवं डायरेक्टर डॉ. प्रीतम सिंह, मार्गदर्शक डॉ. राजिंद्र कुमार शर्मा एवं अनीता रानी सहित संपूर्ण महाविद्यालय परिवार को अत्यंत शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रतियोगिता में बेस्ट नटी परीपोषक पात्र अवॉर्ड भी महाविद्यालय की विद्यार्थी वंदना ने प्राप्त किया। नाटक में अलग-अलग भूमिका निभाने वाले विनायक, श्रुति, वंदना, आदित्य, शुभम, लक्ष्य, वंशिका, अंकित, लवकेश, नितिन, जतिन, अनुराधा, ज्योति बाला, ईशान गौतम, कृष्णम, कविता, पलक, दिव्यांशु, पंकज समेत अन्य पात्रों का कहना है कि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर हम नए अनुभवों से वाकिफ हुए हैं। हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है।

नाटक हेतु ड्रेस डिजाइनिंग डॉक्टर कृष्णा देवी, अंजू वनियाल, ममता, पूजा एवं संध्या देवी प्रॉपर्टीज निर्माण सुझावकार डॉ. रवि दत्त शर्मा, प्रॉपर्टी संबंधित प्रावधान विपिन पटियाल तथा वित्त व्यवस्था का निर्वहन रवि ने किया।

डॉ. केदारदत्त पुरोहित, डॉ. रविदत्त शर्मा, रवि लेखाकार, विपिन चंद्र पटियाल, डॉ. कृष्णा देवी, अंजू वनियाल, डॉ. हरे कृष्णा झा, ममता देवी, डॉ. अरुणा, कपिला पुरोहित सहित अन्य ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पात्र महिलाओं को मकान बनाने के लिए मिलेगी धनराशि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्रम और कल्याण विभाग ने जरूरतमंद गरीब महिलाओं के लिए योजना शुरू की है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी ऊना अमन शर्मा ने बताया कि जिला से संबंधित विधवा, तलाकशुदा परित्यक्ता, दिव्यांग एवं एकल महिलाएं, जिन्होंने पिछले 12 महीना में 90 दिन मनरेगा अथवा अन्य निर्माण कार्यों में कार्य किया है, उन्हें हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा भवन निर्माण के लिए 5 लाख सहायता राशि दी जाएगी, जिसमें तीन लाख भवन निर्माण के लिए और एक लाख रसोई घर तथा शौचालय निर्माण के लिए दिए जाएंगे।

इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं की आयु 18 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक होनी चाहिए, उनकी पारिवारिक समस्त साधनों से आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, ऐसी सभी पात्र महिलाएं श्रम एवं रोजगार विभाग भवन के श्रम कल्याण कार्यालय ऊना में आगामी पांच कार्य दिवस में आकर संपर्क कर सकती हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### शरीर को फिट रखने के लिए जिम जरूरी : गोविंद



**मनाली।** पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने पर्यटन नगरी मनाली में जिम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिम खुलने से लोग अपने को स्वस्थ रख सकेंगे। जिम से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास होगा। मंत्री ने शहर में जिम की शुरुआत करने के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहें। जिम सहित अधिक से अधिक संख्या में युवा खेलों में भाग लेकर अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करें। मनाली में बढ़ते नशे की रोकथाम में युवा वर्ग भी अपनी भूमिका निभाए और स्वयं भी नशे से दूर रहे।

### पूर्व छात्र संगठन का गठन, मनोहर बने अध्यक्ष



**पतलीकूहल।** राजकीय उच्च विद्यालय अरछंडी में पूर्व छात्र संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विचार-विमर्श के बाद पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से मनोहर लाल ठाकुर पूर्व छात्र को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चेत राम ठाकुर तथा मोहन लाला भंडारी (पूर्व छात्र), महासचिव हेत राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यों में नैन प्रकाश, गोपाल ठाकुर, चकेशवर, तीर चंद, थरु देवी, अंजू बाला, लाल सिंह, बॉबी चुने गए। बैठक में ग्राम पंचायत उपप्रधान बागेश शर्मा व एसएमसी के अध्यक्ष लाल चंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को नवाजा



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित राइज एंड शाइन प्ले स्कूल व अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल का 14वां वार्षिक उत्सव अटल सदन सभागार में विधिवत शुभारंभ हुआ। इस मौके पर डीएफओ वाइल्ड लाइफ राजेश कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, जिला अटॉर्नी कुलभूषण गौतम विशेषातिथि उपस्थित रहे। 14वें वार्षिक उत्सव का मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य लोगों का कुल्लवी परंपरा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें अद्भुत संबंध-केवल मित्रता, मलाहारी नृत्य, बॉलीवुड मैजिक, पारंपरिक शिमला नाटी, डांडिया डांस, पंजाब द शो आदि मनमोहक प्रस्तुति हनुमान चालीसा, ठाकुर का कुंआ और अनेक बेहतरीन प्रस्तुति पेश कर सभागार में उपस्थित दर्शक दीर्घा को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य द्वारा सम्मानित किया गया।

### स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में की साफ-सफाई

**बंजार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा रविवार को कॉलेज परिसर में एकदिवसीय परिसर सौंदर्यीकरण शिविर आयोजित किया गया। डॉ. श्रवण कुमार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति ने बताया कि इस शिविर में मुख्य केंद्र बिंदु कॉलेज के प्रांगण तथा संपूर्ण परिसर की साफ-सफाई करना था। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे हुई। सबसे पहले इसमें स्वयंसेवियों को तीन दलों में बांटा गया और उन्हें कॉलेज के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया, जहां सभी स्वयंसेवियों ने साफ-सफाई के साथ क्यारियों को भी संवारा। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने दीवारों पर लगे अवांछित घास व झाड़ियों को निकाला। साथ ही प्रांगण की अलग-अलग जगह पर लगे अवांछित खास को निकाल कर सफाई की, जिससे पूरा कॉलेज परिसर साफ हो गया। परिसर सौंदर्यीकरण का यह कार्य 2:30 बजे तक चला और इसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने औजारों को साफ कर वापस स्टोर कक्ष में जमा किया। इस एकदिवसीय परिसर सौंदर्यीकरण शिविर में कुल 25 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

### बालकराम को पंजाब के राज्यपाल ने किया सम्मानित

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के निकटवर्ती गांव मथियान निवासी बालकराम ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड लेकर हिमाचल का नाम रोशन किया है। बचपन से लोक संस्कृति में गहरी रुचि रखने वाले बालक राम पिछले 37 सालों से कुल्लवी संस्कृति का देशभर में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। चंडीगढ़ क्राफ्ट मेले में बालक राम ठाकुर को लाईफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा कलाकारों को लोक कला साधक सम्मान दिया गया। घर पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में बालक राम ने कहा कि वह 37 साल से विशिष्ट कला संगम मथियान मनाली सांस्कृतिक दल का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोक कला क्षेत्र में इस प्रकार के अवार्ड दिए जाने से न केवल विलुप्त हो रही कला के कलाकारों का सम्मान बढ़ता है, बल्कि कलाओं के संरक्षण में भी बढ़ावा मिलता है।

### 3 को बास्केटबॉल के लिए होगा फाइनल सिलेक्शन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** राज्य स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति टीम की पुरुष एवं महिला वर्ग की टीम का ट्रायल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटराईं में हुआ। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया कि राज्य स्तरीय सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 13 से 15 तक कांगड़ा में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर से टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में लाहौल-स्पीति की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमें भाग लेने जा रही हैं। जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि ट्रायल बास्केटबॉल संघ के चेयरमैन मदन बौद्ध की देखरेख में हुआ। मदन बौद्ध ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए टीम का ट्रायल रविवार को रखा गया था। इस ट्रायल में कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मदन बौद्ध ने बताया कि मंगलवार 3 को फाइनल सिलेक्शन होने के बाद खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा और 12 को खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कांगड़ा रवाना होंगे। (अनंत ज्ञान)

# पर्यटकों को अगले साल गर्मियों में होगा रोहतांग दर्रे का दीदार

## ब्लैक आइस जमने से जोखिम भरा हुआ सफर, गुलाबा से आगे नहीं जा सकेंगे पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश-विदेश के सैलानियों की पहली पसंद रहने वाला रोहतांग दर्रा पर्यटकों सहित सभी वाहनों के लिए आधिकारिक तौर पर बंद कर दिया गया है। लिहाजा, समुद्रतल से 13,050 फुट की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रे का दीदार अब पर्यटकों को अगले साल ही हो पाएगा।

रोहतांग सड़क पर पानी जमने (ब्लैक आइस) के कारण प्रशासन ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अब सर्दी के मौसम के बाद ही पर्यटक रोहतांग दर्रे का दीदार कर सकेंगे। रोहतांग मार्ग पर ब्लैक आइस के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है, अब गर्मियों में ही पर्यटक रोहतांग दर्रा का दीदार कर सकेंगे। जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने इसकी अधिसूचना जारी की है। रोहतांग के लिए ऑनलाइन परमिट बनाने की साइट भी बंद कर दी गई है। प्रशासन ने मढ़ी में स्थापित पुलिस चौकी को भी गुलाबा स्थानांतरित करने की अधिसूचना जारी की है। रोहतांग दर्रा हर साल 15 को आधिकारिक तौर पर यातायात के लिए बंद होता है। इस साल मौसम साफ रहने के कारण अभी तक वाहनों की आवाजाही जारी रही। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने डीएसपी केडी शर्मा और बीआरओ के साथ रोहतांग सड़क का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में सड़क यातायात के लिए सही नहीं पाई गई। इस कारण रोहतांग यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया। एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा की सिफारिश पर जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने उसकी अधिसूचना जारी की। एसडीएम मनाली ने बताया कि रोहतांग दर्रा आधिकारिक तौर पर बंद हो गया है। पर्यटकों से आग्रह है कि अब गुलाबा से आगे न जाएं।



मनाली-लेह मार्ग पर जिंगजिंगबार के पास जमी ब्लैक आइस।

### रोहतांग दर्रे में हुई बर्फबारी

13,050 फुट ऊंचे रोहतांग दर्रे में रविवार सुबह हल्की बर्फबारी हुई है। बीते शनिवार को भी यहां बर्फबारी हुई थी, जबकि कोकसर में सुबह ओलावृष्टि हुई। पिछले 36 घंटों से लाहौल व मनाली के ऊंचे क्षेत्रों में मौसम परिवर्तन शील बना हुआ है। हालांकि मनाली व कुल्लू के निचले क्षेत्रों में सुबह से धूप खिली हुई है। किसान व बागवान चार महीनों से बारिश न होने से आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। रोहतांग, बारालाचा, कुंजुम दर्रा पर शनिवार को भी बर्फबारी हुई है। मैदानी जिलों में सुबह और शाम के समय कोहरा पड़ने का सिलसिला जारी रहा। उधर, जिला लाहौल-स्पीति प्रशासन की ओर से मनाली-लेह मार्ग पर ब्लैक बर्फ के कारण आगामी रिव्यू तक यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शवाड चतुर्थ श्रेणी कर्मी के हवाले

**एक दर्जन पंचायतों की जनता के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़**

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू के आनी स्वास्थ्य खंड के अंतर्गत शवाड का पीएचसी यानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते करीब 6 माह से कोई भी डॉक्टर नहीं है।

स्वास्थ्य केंद्र में न तो फार्मासिस्ट है, न ही मेल या फीमेल हेल्थ वर्कर। फलस्वरूप आनी खंड के साथ-साथ पास ही के मंडी जिले की कुल 10 से 12 पंचायतों के लोगों के स्वास्थ्य का जिम्मा प्रदेश सरकार ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के हवाले कर रखा है। इतना ही नहीं इस स्वास्थ्य केंद्र में फिलहाल दवाइयां भी नदारद हैं। लोगों को सर्दी-जुकाम की दवा तक के लिए निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है या फिर यहां से 13 किलोमीटर दूर आनी के सिविल अस्पताल पहुंचना पड़ता है। यह तो गनीमत है कि साथ में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात मेडिकल ऑफिसर स्थिति को थोड़ा नियंत्रित किए हुए हैं। शवाड के इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुंडदल, रोपा, मुहान, बिश्लाधार, पोखरी के अलावा साथ लगते मंडी के करसोग खंड की गवालपुर, महोग आदि करीब 10-12 पंचायतों के लोग अपने हर छोटे-बड़े इलाज के लिए यहां आते हैं, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर और दवाइयों के न होने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है। क्षेत्र की जनता ने सरकार से शवाड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

> रिक्त पदों की सूची समय-समय पर उच्चाधिकारियों के माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाई गई है, जैसे ही सरकार नियुक्ति करेगी, तो शवाड में रिक्त पद भर दिया जाएगा।
>
> **डॉ. भागवत मेहता बीएमओ आनी।**

# बंजार पहुंचने पर देवता श्रृंगा ऋषि का हुआ भव्य स्वागत



बंजार। पांच कोठी के आराध्य देवता श्रृंगा ऋषि का बंजार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि मंडी यात्रा के पश्चात देवता श्रृंगा ऋषि देवता अभी तक मात्र एक दिवस ही अपने देवालय बागी कोठी में विराजमान हुए हैं। एक दिवस विराजमान होने के पश्चात पूरी कोठी चैहणी में पुरातन परंपरा के अनुसार दियोगी उत्सव में शरीक होने के लिए पंचायत चेहनी के बिहार, रोहलो, बिनी, चेहनी में पुरातन परंपरा का निर्वहन किया गया। देवता रविवार को एक भक्त के बुलावे पर बंजार नगर के वार्ड एक में आए हैं। देवता का बंजार नगर में प्रवेश करते ही भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। भक्त के गृह में प्रवेश करने से पहले देवता पर पुष्प वर्षा की गई, जो देखते ही बनती थी। सोमवार को देवता ढोल-नगाड़ों की थाप पर अपने देवालय बागी वापस जाएंगे।

## एलबम तुझ सा न कोई का हुआ उद्घाटन



**कुल्लू।** चांदनी म्यूजिकल रिकार्डस स्टूडियो तलोगी में हिमाचली लोक गायक आईएस चांदनी की नई एलबम का उद्घाटन समाजसेवी एवं गायक डीसी यादव ने किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोंगो ने भाग लिया, जबकि मुख्यतिथि के रूप में पधारे डीसी यादव ने रिबन काटकर एलबम का लोकार्पण किया। स्टूडियो के मालिक आईएस चांदनी ने मुख्यतिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार सम्मानित किया। चांदनी ने कहा कि रंगमंच तथा गायन के क्षेत्र में उनका शौक कॉलेज समय से रहा है। मुख्यतिथि ने कहा कि लोकगायक आईएस चांदनी जिस तरह तीन दशकों से कुल्लवी संस्कृति को अपनी आवाज और अभिनय के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचा रही हैं, वह काबिले तारीफ है।

# तनवी ने महिला कैटेगरी में झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित खेल मैदान में आयोजित कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस प्रतियोगिता का समापन हो गया।

ऑटो क्रॉस बाइक व मोटर प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभागियों में अंतिम दिन भी खास उत्साह देखने को मिला। तीन दिनों तक आयोजित इस ऑटो कॉर्स मोटर्स प्रतियोगिता में देशभर से आए 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया और मैदान में सर्पीले सर्कल में बाइक व मोटर दौड़ा कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित रफ्तार की इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें महिला कैटेगरी में मनाली के हरिपुर की रहने वाली तनवी गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। तनवी ने एक मिनट 34 सेकेंड में यह प्रतियोगिता पूरी की और 11 सेकेंड के मार्जिन से पहला स्थान हासिल किया। तनवी ने बताया कि इससे पहले भी वह 2 ऑफ रोडिंग इवेंट में भाग लेकर पहला स्थान हासिल कर चुकी हैं। यहां भी पहले स्थान पर रह कर उन्हें बेहद खुशी है। वहीं, बाइक रेस में ओवरऑल कैटेगरी में विजेता रहे मोहित ठाकुर ने बताया कि वह नेशनल लेवल तक इस एडवेंचर स्पोर्ट में हिस्सा लेते आए हैं। कुल्लू में इस तरह के इवेंट होने से यहां के युवाओं को अच्छा अनुभव मिला है और लोग तीन दिनों तक काफी उत्साहित दिखे।

वहीं, पार्वती वैली के रहने वाले शिवम ने बताया कि उन्होंने इस इवेंट में 5 अलग बाइक कैटेगरी में भाग लिया था, जिसमें 4 कैटेगरी में वह पहले स्थान पर रहे हैं, जबकि ओवरऑल कैटेगरी में तीसरे स्थान पर रहे हैं। वहीं, हिमालयन एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष सुरेश राणा ने सभी विजेताओं को बधाई दी साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस तरह से प्रतियोगिता करवाने की बात कही। तीन दिनों तक आयोजित यह प्रतियोगिता सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही और सैकड़ों की संख्या में इस बाइक और मोटर राइड को देखने के लिए लोग मैदान में उमड़े।





कुल्लू फेस्टिवल ऑफ स्पीड ऑटो क्रॉस प्रतियोगिता के समापन पर सम्मानित करते हुए।

# कटराईं में पूर्व व वर्तमान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में पूर्व छात्र और पूर्व आचार्य सम्मेलन के दौरान विद्यार्थी और शिक्षक सहित अन्य गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में रविवार को पूर्व छात्र और पूर्व आचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 60 के करीब पूर्व छात्र और पूर्व आचार्य उपस्थित रहे।

इस सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में मंडलगढ़ की प्रधान पुष्पा देवी और विशिष्टातिथि पूर्व प्रधानाचार्य देवी राम, देवराज, हिमाचल शिक्षा समिति जिला कुल्लू महामंत्री जोगेंद्र ठाकुर और सम्मेलन अध्यक्ष जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर ने शिरकत की। सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुई। इस कार्यक्रम में पूर्व और वर्तमान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं के प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने सम्मेलन में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज का यह सम्मेलन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हम अपने पूर्व छात्रों और पूर्व आचार्यों के साथ जुड़ सकते हैं और उनके अनुभवों से सीख सकते हैं। हमारा स्कूल हमेशा से ही अपने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ मूल्यों और संस्कारों की भी शिक्षा देता आया है। हमारे पूर्व छात्रों ने हमारे स्कूल का नाम रोशन किया है और हमें उन पर गर्व है। इस दौरान लोत राम ठाकुर, राजीव ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, अभिषेक और शिक्षक उपस्थित रहे।

## कोठी चैहणी के विभाजन पर बिहार होगी नई ग्राम पंचायत

**बंजार।** ग्राम पंचायत कोठी चैहणी की ओर से ग्राम सभा का आयोजन किया गया। प्रधान पूर्ण चंद की अध्यक्षता में हुई ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित 234/774 के पारित प्रस्ताव पर चर्चा हुई कि पंचायत कोठी चेहणी का क्षेत्र काफी बिखरा हुआ है।

इस पंचायत के अंतर्गत दो राज्यसभा गांव पार्टी बिहार पार्टी बिनी आते हैं। इस पंचायत की कुल आबादी वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 2549 से पंचायत क्षेत्र के कई गांव की दूरी मुख्य आवास से लगभग 6 से 10 किलोमीटर की दूरी है, जिस कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। चर्चा उपरांत ग्राम सभा द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि इस पंचायत का विभाजन करना बहुत जरूरी है। नई प्रस्तावित पंचायत का नाम ग्राम पंचायत बिहार रहेगा, जिसका मुख्य आवास बंजार में रहेगा नवगठित पंचायत बिहार में गांव खलिया, दशेड़, बागी, मरगी, बिहार, घुराली, कठुआ, रोहलों, श्रोगी, थाचाधार, गढ़वा, पहली धंयाड, शर्णधार, फौजा, कुंदन, रुंगचा, गोराली, हॉर्न गाड तथा बागी शामिल होंगे। वर्तमान पंचायत कोठी चैहणी, जिसमें गांव म्यागी, चैहणी, कंडी नाल, तडीहार, खंडारगी, धार, मुंदरी, मखराड़ा, बीनी, छेत्थरड़ा व घेलीगाड़ आदि गांव रहेंगे।





**दौरा** — रवि ठाकुर ने बीआरओ अधिकारियों से मिलकर लिया एसकेटीटी और एसकेजी रोड के कार्यों का जायजा

# केंद्र की योजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश न करे प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने केंद्र सरकार की योजनाओं से लाहौल-स्पीति में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। रवि ठाकुर ने दो दिवसीय लाहौल-स्पीति प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लाहौल-स्पीति में अपने स्तर पर विकास करवाने को प्राथमिकता के आधार पर ले और केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश न करे।

इस दौरान रवि ठाकुर ने सीमा सड़क संगठन के 38 बीआरटीएफ के कमांडर कर्नल गौरव बंगारी से मुलाकात कर एसकेटीटी (संसारी किलाड़ थिरोट तांदी) और एसकेजी (सुमदो काजा ग्रांफू) रोड के कार्यों का जायजा लिया। बीआरओ अधिकारियों ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि एसकेजी सड़क मार्ग को चार भागों में बांटा गया है और सड़क के चौड़ीकरण, डगों, पुलियों और ब्लैक सर्फेसिंग का काम जारी है, जबकि एसकेटीटी (संसारी किलाड़ थिरोट तांदी) सड़क के चौड़ीकरण का काम जमीन अधिग्रहण के चलते रुका है, लेकिन बीआरओ फिलहाल अभी मौजूदा सड़क की सर्फेसिंग का काम कर रहा है।

रवि ठाकुर ने बताया कि एसकेटीटी रोड के लिए 1800 करोड़ का बजट केंद्र की मोदी सरकार से अप्रूव हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों से जमीन अधिग्रहण को लेकर जो भी प्रभावित होंगे, उनकी जमीनों और संपत्तियों का आकलन कर केंद्र सरकार को भेजे, जिसपर केंद्र प्रभावितों को मुआवजे की राशि देकर जल्द इस रोड पर काम आरंभ करेगी और आधुनिक तकनीक से लाहौल को चंबा के पांगी किलाड़ और जम्मू कश्मीर से जोड़ने वाला रोड बनकर जनता को समर्पित किया जाएगा। पूर्व विधायक रवि ठाकुर इन दिनों लाहौल-स्पीति के दो दिवसीय दौरे पर हैं और पार्टी संगठन के ग्राम केंद्र और बूथ लेवल पर कमेटियों के गठन में जुटे हैं। (अनंत ज्ञान)



पूर्व विधायक रवि ठाकुर बीआरओ के अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

### केंद्र लाहौल-स्पीति में पहुंचा रही आधारभूत सुविधा

**रवि** ने कहा कि मोदी सरकार लाहौल-स्पीति में प्राथमिकता के आधार पर आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर काम कर रही है। इसी बात का प्रमाण है कि सांसद कंगना रनौत की मध्यस्तता के चलते अब लाहौल-स्पीति के दुर्गम और सीमांत क्षेत्रों जैसे मुद, ग्यू, छतड़ू और कुंजम दर्रा पर भी अब बीएसएनएल का 4जी सिग्नल पहुंच चुका है।

### शिंकुला टनल का काम भी युद्धस्तर पर जारी

**रवि** ठाकुर ने कहा कि केंद्र द्वारा 3 हजार करोड़ की शिंकुला टनल का काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, जिसके बनने से लद्दाख का जांस्कर क्षेत्र बारह महीने देश के अन्य भागों के लिए जुड़ा रहेगा और सीमाओं पर सैन्य गतिविधियों के लिए भी देश को एक सुरक्षित मार्ग मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक अन्य 100 किमी वैकल्पिक मार्ग स्पीति के क्योटो से कोर्जोक लद्दाख तक बनाने की कार्ययोजना पर काम कर रही है, जिससे लेह-लद्दाख से देश की राजधानी दिल्ली की कनेक्टिविटी साल के बारह महीने रहेगी।

# चित्रकार ने बर्फ से ढके हिडिंबा माता मंदिर के सौंदर्य को कैनवास पर उकेरा



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में चित्रकला प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर लोग।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में रविवार को मनाली की दो कलाकारों अरोमा गौड़ और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित कलाकार पौमी तरेल की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और बुधीश्वर गौड़ ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

चित्रकार अरोमा गौड़ ने हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य के ऊपर प्रदर्शनी में चित्र लगाए हैं। चित्रकार अरोमा गौड़ ने हिमालय के प्राकृतिक सौन्दर्य, फूल, मनाली की खूबसूरत वादियों को अपने चित्रों में दर्शाया है। चित्रकार ने बर्फ से ढके हिडिंबा माता मंदिर के सौंदर्य को बड़े ही मनमोहक तरीके से दिखाया है। कलाकार ने कैनवास के ऊपर एकरलिक और जलरंग माध्यम का प्रयोग किया है। चित्रकार अरोमा ने बिना प्रशिक्षण के स्वयं ही चित्र बनाए हैं। मुख्यातिथियों ने कलाकार के चित्रों की सराहना की।

चित्रकार के लगभग 35 चित्र प्रदर्शनी में प्रदर्शन पर हैं। दूसरी चित्रकार जो राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार से सम्मानित हैं, उनके लगभग 50 चित्र और असंख्य छोटे चित्र प्रदर्शनी पर हैं। चित्रकार ने कैनवास के ऊपर एकरलिक और जलरंग माध्यम का प्रयोग किया है। इन्होंने अध्यात्म, प्रकृति, वन्य प्राणियों, हैरिटेज भवनों आदि के ऊपर चित्र प्रदर्शित किए हैं। कलाकार लगभग चौदह वर्षों से चित्रकला प्रदर्शनियां कर रही हैं।



# माल रोड के नजदीक जल्द मिलेगी 100 वाहनों की पार्किंग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

रेलवे रोड सोलन में करीब दो दशक से निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य आखिरकर सिरे चढ़ता नजर आ रहा है। पार्किंग भवन को रोड से कनेक्ट करने के लिए रैंप बनाने का कार्य शुरू हो चुका है।

यह कार्य कुछ समय से लंबित पड़ा था। इससे अब शहवासियों को मॉल रोड पर पार्किंग की सुविधा मिलेगी। करीब 6 करोड़ की लागत से बन रही पार्किंग में आने वाले दिनों में शहरवासियों को करीब 100 वाहनों की पार्किंग की सुविधा मिलेगी। तीन मंजिला इस पार्किंग के विधिवत उद्घाटन की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि स्थानीय विधायक और मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल इस पार्किंग का उद्घाटन करेंगे। हालांकि कांग्रेसी मुख्यमंत्री से भी उद्घाटन करवाना चाह रहे हैं। नगर निगम सोलन ने कुछ समय पहले ही अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी बीएसएनएल को 50 लाख रुपए जारी किए थे। बहरहाल निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों को शहर के बीचों-बीच बेहतर पार्किंग सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। (अनंत ज्ञान)


शहर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या।


सोलन में रेलवे रोड में पार्किंग के लिए बन रहा रैंप ।

## माल रोड से ओवर ब्रिज तक कनेक्ट होगी पार्किंग

**निगम** ने पार्किंग निर्माण का जिम्मा नोडल एजेंसी बीएसएनएल को दिया है पर पैसे की कमी के कारण निर्माण कार्य कई महीनों से ठप रहा पर निगम की तरफ से धनराशि जारी होने से अब निर्माण कार्य पूरा होगा। योजना के तहत पार्किंग को सीधे मॉल रोड से जोड़ने के लिए रैंप का निर्माण किया जा रहा है। फिलहाल पार्किंग के निचले दो फ्लोर की पार्किंग में वाहनों को पार्क करने की सुविधा मिल जाएगी। ऐसे में यह मॉल रोड में पहली अधिकृत पार्किंग बन जाएगी, जिसका संचालन निगम के माध्यम से होगा। इसकी सबसे बड़ी सुविधा मॉल रोड में शॉपिंग करने और घूमने आने वाले पर्यटकों को होगी। मॉल रोड में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से लोगों को खासी दिक्कतें पेश आती हैं।

## 18 वर्ष से अधर में है निर्माण

**पार्किंग** का कार्य शिलान्यास के 18 वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी भी अधर में है। इस पार्किंग का शिलान्यास वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया था। पार्किंग फ्लोर बनने के बावजूद इसे मुख्य सड़क से नहीं जोड़ा गया। बजट की कमी के चलते ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद शहर के लोगों को पार्किंग की सुविधा नहीं मिल रही है। पार्किंग के बचे हुए कार्य को निगम ने जून 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा था पर ऐसा हो न सका।



रेलवे रोड की पार्किंग के अधूरे निर्माण कार्य को शुरू कर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। विधिवत उद्घाटन के बाद पार्किंग को वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।
**उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।**

## सड़क किनारे अवैध पार्किंग

**शहरीकरण** में तेजी के साथ छोटे वाहनों की संख्या में भारी इजाफा होने के बावजूद सोलन शहर में आज तक पार्किंग निर्माण पर गंभीरता नहीं दिखाई गई। परिणाम स्वरूप शहर की छोटी-बड़ी सड़कों में अवैध तरीके से हजारों की संख्या में वाहन पार्क किए जा रहे हैं। इससे शहर की सड़कों में वाहन दौड़ते नहीं, बल्कि रेंगते हुए नजर आते हैं। पार्किंग सुविधा नहीं होने से जहां स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतें पेश आती हैं साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। पार्किंग के अभाव में लोगों को सड़कों के किनारे ही वाहन पार्क करने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर में छोटे-बड़े वाहनों की संख्या उपनगरों के वाहनों को मिलाकर करीब 40 हजार से अधिक हो चुकी है, लेकिन पार्किंग के नाम पर करीब 1500 वाहनों को पार्क करने की सुविधा है।

# सुल्तानपुर में किराये के कमरे में मृत अवस्था में पड़ी मिली महिला

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना धर्मपुर के तहत रामपुर सुल्तानपुर में किराया के कमरे में रह रही महिला मृत अवस्था में पड़ी मिली।

जानकारी के मुताबिक यशपाल ठाकुर निवासी गांव रामपुर सुल्तानपुर ने बताया कि एक महिला जो इसकी किरायेदार है, वह अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ी है, जिसे एमएमयू अस्पताल सुल्तानपुर एंबुलेंस के माध्यम से ले जाया गया है। उक्त सूचना पर पुलिस थाना धर्मपुर की टीम घटना की तस्दीक करने के लिए मौके पर पहुंची। तस्दीक करने पर मृत महिला की पहचान राजमुन्नी पत्नी धर्मा लोहारा निवासी गांव दरीकोचा थाना व तह. सीसई जिला गुमला झारखंड उम्र 38 वर्ष के रूप में हुई। तस्दीक करने पर पाया गया कि उक्त महिला सुल्तानपुर में अपने पति के साथ किराये के कमरे में रहती थी, जो दोनों शराब के आदी हैं तथा अक्सर ये दोनों शराब पीकर आपस में बहसबाजी करते रहते थे। मृतका व उसका पति 3/4 दिनों से अत्यधिक शराब का सेवन कर रहे थे।

29 को शाम तक मृतका अपने कमरे से बाहर न आई, तो साथ वाले किरायेदारों ने अपने मकान मालिक को इस बारे में बताया और जब मकान मालिक व अन्य लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो मृतका फर्श पर बेसुध होकर पड़ी थी, जिसे मकान मालिक व अन्य लोग उपचार के लिए तुरंत एमएमयू सुल्तानपुर ले गए, जहां पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जांच के दौरान मृतका के शव का गहनता से निरीक्षण किया गया, लेकिन निरीक्षण के दौरान उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट/खरोंच के निशान न पाए गए। अभी तक की जांच से यह पाया जा रहा है कि मृतका राजमुन्नी की मृत्यु ज्यादा ठंड लगने या किसी बीमारी के कारण हुई है फिर भी मामले में जांच प्राथमिकता के आधार पर हर पहलू पर जारी है।

# आज से बिजली उपभोक्ताओं की होगी ई-केवाईसी

**दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के विभिन्न क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी 2 से शुरू की जा रही है। यह जानकारी बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने देते हुए बताया कि 2 से 4 दिसंबर को प्रात: 10 से सायं 3:30 बजे तक पंचायत दानोघाट और दावटी के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। 2 को पंचायत दसेरन, 3 को क्यारड और 4 को धुंदन के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी, 2 को पंचायत ग्याना, 3 को मांगू और 4 को संघोई पंचायत के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। 2 को चाखड़, 3 को पारनु और 4 को नवगांव के इलावा, 2 को बैरल और सरयांज व मांगल के बिजली उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी 3 व चार को उपरोक्त पंचायतों में की जाएगी। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि ई-केवाईसी करवाने के लिए उपरोक्त पंचायतों पर अपने बिजली बिल, आधार कार्ड तथा मोबाइल साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि एवं समय में परिस्थितिवश परिवर्तन किया जा सकता है।

# लक्ष्मी पहले और अमित रहे दूसरे स्थान पर

## हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल ने हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता शेड्स कॉलेज सोलन में आयोजित की।

इस आयोजन का उद्देश्य पाक कौशल का जश्न मनाते हुए खाना पकाने में एलपीजी हैंडलिंग और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई, जिसमें प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन करते हुए अपनी खाना पकाने की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मोनिका मल्होत्रा ने बतौर मुख्यातिथि रही, जबकि सोनिका गर्ग विशेषातिथि रही। ब्रिज मोहन डीएनओ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। जज के पैनल ने एलपीजी सुरक्षा, डिश गुणवत्ता, प्रस्तुति और स्वच्छता जैसे मानदंडों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी, दूसरा अमित, नीरज और दुर्गा देवी तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में प्रतिभागियों और दर्शकों पर रोजमर्रा के खाना पकाने में एलपीजी के उपयोग के महत्व के बारे में एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया।



हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

# नगर परिषद नादौन में शामिल करने पर बेला वासियों की आपत्ति, सीएम को भेजा प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, नादौन**

शहर के साथ सटी बेला पंचायत के अधिकतर हिस्से को नगर परिषद नादौन में शामिल किया जा रहा है, जिसे लेकर बेला वासियों ने आपत्ति जताई है। पंचायत घर में आयोजित ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव पर करीब 250 लोगों ने हस्ताक्षर कर मांग की है कि उनके क्षेत्र को नगर परिषद के साथ न जोड़ा जाए अन्यथा वे विरोध करेंगे।

ग्राम सभा में पूर्व प्रधान किशोरी लाल, पूर्व उपप्रधान पवन शर्मा, पूर्व उपप्रधान सुनील शर्मा एवं विपिन कुमार आदि ने भाग लिया। लोगों की मांग पर पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके सीएम को भेजा है। लोगों ने सीएम से आग्रह किया है कि स्थानीय लोगों की मांग पर ऐसे किसी भी प्रयास पर पुर्नविचार किया जाए और बेला पंचायत के भाग को नगर परिषद के साथ न जोड़ा जाए। ग्रामीणों ने कहा कि यहां अधिकांश आबादी कृषि पर आधारित है इसलिए पंचायतों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं के लाभ से वह वंचित हो जाएंगे। इस संबंध में पंचायत प्रधान अंजना देवी ने बताया कि लोगों की मांग के अनुसार ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सीएम सुक्खू को भेजा है।


बेला पंचायत के लोग ग्राम सभा की बैठक के बाद सामूहिक चित्र में

# कार खड्डु में गिरने से चालक की मौत

**अर्की।** पुलिस स्टेशन अर्की में एक कार के खड्डु में गिरने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार पूर्व प्रधान देवरा पंचायत अमर सिंह ठाकुर पुत्र स्व. बली राम ठाकुर निवासी गांव व डा. मज्याट के बयान पर मामला दर्ज किया गया है कि वह शाम को अपनी दुकान पर मौजूद था, तो उसे मोबाइल से काका अर्की ने फोन कर बताया कि एक गाड़ी कुनिहार सड़क से नीचे मंज्याट लिंक सड़क में गिरी है। यह सूचना मिलने पर वह जल्द मज्याट लिंक रोड पर गया, तो वहां गाड़ी मारुति 800 एचपी 08 ए-0197 हादसाग्रस्त पाई, जो कि कुनिहार सड़क से सीधे नीचे गिरी तथा बहुत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गाड़ी के अंदर एक व्यक्ति चालक सीट पर मृत पाया गया, जिसका आधार कार्ड इसकी जेब में मौजूद था, जिसके मुताबिक आधार कार्ड मृतक व्यक्ति धनी राम डा. सरयांज अर्की पाया गया। अमर सिंह के अनुसार चालक धनी राम की लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह दुर्घटना हुई है। डीएसपी संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पिकनिक वाली बसों को हरी झंडी दिखाने से नहीं होगा विकास : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन भाजपा के प्रवक्ता शैलेंद्र ने प्रदेश सरकार के मंत्री पर तीखा हमला किया।



उन्होंने कहा कि सोलन के मंत्री न तो उद्घाटन के लिए कुछ रख पाए हैं और न ही विकास कार्यों के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं। शैलेंद्र ने आरोप लगाया कि मंत्री केवल स्कूल-कॉलेजों की पिकनिक वाली बसों को हरी झंडी दिखा कर संतुष्ट हो रहे हैं। शैलेंद्र ने कहा कि पिछले दो सालों में कांग्रेस सरकार ने कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को पहले ही नाकाम और नाकाबिल नेताओं में गिना जाता था, लेकिन अब उनके मंत्रियों ने भी अपनी कार्यशैली से यही साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर मंत्री शिलान्यास या उद्घाटन करते तो प्रदेश की जनता को बेहतर लगता, लेकिन इस तरह की छोटी-छोटी घटनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को अब तक कोई ठोस काम करते हुए नहीं देखा गया।

# सराहां स्कूल में मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, सराहां**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां जिला सिरमौर का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शास्त्री देव स्वरूप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में स्थित मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनकी वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अभिलाष शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने एक के बाद एक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान मुख्यातिथि ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया। यह विद्यालय देश की आजादी से भी पहले स्थापित किया गया था, जिसका दर्जा समय-समय पर बढ़ता गया। आज इसका दर्ज जमा दो का है। इस विद्यालय का शिक्षा का परिणाम प्रतिवर्ष जहां शानदार रहता है।

वहीं, सांस्कृतिक कार्यों व स्वच्छता में भी इस विद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई है। इस विद्यालय में छात्राओं को अंग्रेजी माध्यम में भी यदि वो चाहे तो शिक्षा प्रदान करवाई जाती है। इस समय लगभग 5 दर्जन छात्राएं इस विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण कर निजी विद्यालयों को चुनौती दे रही हैं। इस कार्यक्रम में कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य सुरेंद्र चौहान, एसएमसी अध्यक्ष शीतल शर्मा, रविंद्र ठाकुर आदि मौजूद रहे।



कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां के वार्षिक समारोह के दौरान छात्राएं मुख्यातिथि व शिक्षकों के साथ।

# थोड़ा-थोड़ा नचणा जरूर चाहिदा गाना हुआ लांच



**अनंत ज्ञान, मनाली**

पिंक प्लाजो गाने से प्रसिद्ध मनाली के इंद्र ठाकुर व इफ्लुएंसर किरन नेगी का थोड़ा-थोड़ा नचणा जरूर चाहिदा गाना जन्नत रिकॉर्डस के यूट्यूब चैनल पर लांच हो गया है। मनाली से संबंध रखने वाले घनश्याम शर्मा ने इस गाने के पोस्टर को लांच किया। इस गाने के निर्माता हॉलिडे रिजॉर्ट्स मनाली के मालिक रोशन ठाकुर हैं।

## राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

# विभिन्न क्षेत्रों में रहे मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पीएम श्री उत्कृष्ट संस्थान वैद्य सूरत सिंह स्मारक राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। निदेशक हिमस्टार निधि लिमिटेड एवं सेवानिवृत्त प्रवक्ता सुशील राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रवक्ता राजेश भारत ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्यता तीन भागों में बांटा गया था, जिसमें अकादमिक, अन्य गतिविधियां तथा खेल व सांस्कृतिक आदि शामिल थे, जिसमें सर्वप्रथम अकादमी का क्षेत्र में 12वीं कक्षा के 32 स्टूडेंट्स बोर्ड मेरिट सूची, दसवीं कक्षा के 16 स्टूडेंट्स बोर्ड मेरिट सूची, छठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा के प्रत्येक प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थी, विभिन्न छात्रवृत्तियों के लिए चयनित 18 विद्यार्थी, जिसमें स्वामी विवेकानंद मेधावी छात्रवृत्ति, डॉक्टर अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति, हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड मेधावी छात्रवृत्ति आदि को सम्मानित किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों को वार्षिक आठ लाख तक की राशि वितरित की जाएगी। इसके अतिरिक्त ऋषिराज मेमोरियल छात्रवृत्ति के तहत आठवीं कक्षा के टॉपर को 500 की राशि, ज्ञान देवी मेमोरियल छात्रवृत्ति के तहत तीनों संकाय के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 2100 की राशि। प्रति छात्र, वैद्य सूरत सिंह स्मारक छात्रवृत्ति के तहत दसवीं कक्षा के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 500 की राशि, महिमा वर्मा छात्रवृत्ति के तहत तीनों संकाय में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले जरूरतमंद तथा उत्कृष्ट छात्रों को 15000 की राशि वितरित की गई। अंतिम फेस खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में राज्यस्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थी, जिला स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले 61 विद्यार्थियों को, खंड स्तर पर विजेता 39 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में वार्षिक समारोह में सम्मानित मेधावी।

# ट्रायल में सफल खिलाड़ी 10 को नाहन के कैंप में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, सराहां**

जिला सिरमौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सराहां में अंडर-14 पुरुषों की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्रिकेट टीम का चयन करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे सिरमौर से सौ से भी ज्यादा खिलाड़ी ट्रायल दे रहे हैं। इस ट्रायल में चयनित लगभग तीन दर्जन खिलाड़ियों को आगामी 10 दिसंबर से नाहन में आयोजित होने वाले कैंप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

उसके उपरांत सिरमौर की अंडर-14 की 15 सदस्यीय टीम का चयन होगा, जो 26 से ऊना में होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इस ट्रायल को लेकर पूरे सिरमौर के खिलाड़ियों में गहरा उत्साह रहा और सुबह से ही ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने अभिभावकों व कोच के साथ सराहां पहुंच गए, जब से एचपीसीए द्वारा हिमाचल के ग्रामीण क्षेत्रों में सब सेंटर खोले गए हैं, तब से ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चों को बहुत ही बेहतरीन सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। एचपीसीए के सराहां स्थित सब सेंटर में भी कोच सुरेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशों में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे सराहां अकादमी में क्रिकेट की बारीकियां सीख रहे हैं।

## 2 से 4 तक बिजली उपभोक्ताओं की होगी ई-केवाईसी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली उपमंडल सोलन-1 के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी 2 दिसंबर को की जा रही है।

यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन-1 के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि 2 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक नगर निगम सोलन के 3 वार्डों के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। वार्ड नंबर-12 के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी सनी साइड, पार्क, वार्ड नंबर 6 के उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी सर्कुलर रोड गुरुद्वारा तथा वार्ड नंबर 8 के उपभोक्तओं की ई-केवाईसी सेल्फी प्वाइंट, समीप एसआईएलबी (जौणाजी रोड) में की जाएगी।

उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि ई-केवाईसी करवाने के लिए उपरोक्त स्थान पर अपने बिजली बिल, आधार कार्ड तथा मोबाइल साथ लेकर आएं। निर्धारित तिथि एवं समय में परिस्थितिवश परिवर्तन किया जा सकता है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
रक्तदान महादान
'अनंत ज्ञान'
के उपलब्धियों भरे
प्रथम वर्ष
पर लगने वाले रक्तदान शिविर में
आप सब सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक
वीरवार 12 दिसंबर 2024
आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान
समय
सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
सोलन
शिविर स्थल : साई संजीवनी हॉस्पिटल, सोलन, माल रोड, नजदीक कोर्ट परिसर
मो. 9418157519, 7018716514



सम्मान

## अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने वॉलीबाल प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम को चौधरी कांप्लेक्स खेल मैदान में किया सम्मानित

# लड़कों के फाइनल मुकाबले में डीवाईसी विजेता व तुन-ए उपविजेता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन चौधरी कांप्लेक्स खेल मैदान में हुआ।

इस अवसर पर विधायक अर्की संजय अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अंबुजा लिमिटेड दाड़लाघाट के मुख्य निर्माण अधिकारी मुकेश सक्सेना विशेषातिथि के तौर पर शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में लड़कों और लड़कियों की वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी मैच शानदार रहे। वॉलीबाल प्रतियोगिता में लड़कों का फाइनल मुकाबला तुन ए और डीवाईसी के बीच हुआ, जिसमें डीवाईसी की टीम विजेता व तुन ए उपविजेता रही। लड़कियों का मुकाबला भी बहुत रोमांचक रहा, जिसमें डीवाईसी दाड़ला विजेता व आईटीआई दाड़ला की टीम उपविजेता रही। इससे पहले क्लब सदस्यों ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्यातिथि संजय अवस्थी ने कहा धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए कहा यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम वर्क के महत्व को भी समझने का मौका देती है। विशेषातिथि अंबुजा लिमिटेड के मुख्य निर्माण अधिकारी मुकेश सक्सेना ने कहा कि धार्मिक युवा क्लब दाड़लाघाट द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

यह प्रतियोगिता युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करने और उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के महत्व को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। इस प्रतियोगिता के आयोजन में धार्मिक युवा क्लब स्पोर्ट्स दाड़लाघाट के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। विधायक ने लड़कियों की विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए, जबकि मुकेश सक्सेना ने लड़कों की विजेता, उपविजेता टीम को पुरस्कार दिए। क्लब के अध्यक्ष चेतन ठाकुर, सचिव तनुज शुक्ला और उपाध्यक्ष रजत ने इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।


वॉलीबाल प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

# पीवी सिंधू का खिताब का सूखा समाप्त

## सिंधू और लक्ष्य को एकल खिताब, त्रीसा-गायत्री की जोड़ी के नाम रहा महिला युगल खिताब



सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन

एजेंसी, लखनऊ

शीर्ष वरीय पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपनी झोली में डाले।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चीन की वू लुओ यू को 21-14 21-16 से मात देकर तीसरी दफा इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया और लंबे समय से चले आ रहा खिताब का सूखा समाप्त किया। वह इससे पहले 2017 और 2022 में भी ट्रॉफी जीत चुकी हैं।

पुरुष एकल फाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए खिताबी भिड़ंत में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 21-6, 21-7 से मात दी। पूर्व विश्व चैंपियन 29 वर्ष की सिंधू ने दो साल और चार महीने के अंतराल के बाद पोडियम का शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आखिरी खिताब जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। इस साल वह मई में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में भी पहुंची।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के प्लेऑफ में मिली निराशाजनक हार के बाद लक्ष्य की जीत राहत देने वाली है। इस जीत से निश्चित रूप से नये सत्र से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

भारतीय बैडमिंटन को दिन में जश्न मनाने का एक और मौका मिला जब त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बाओ ली जिंग और ली कियान की चीन की जोड़ी को महज 40 मिनट में 21-18, 21-11 में हराकर अपना पहला सुपर-300 खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता जोड़ी के लिए यह जीत ऐतिहासिक है क्योंकि त्रीसा और गायत्री इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल जोड़ी बन गईं। यह जोड़ी 2022 चरण में उपविजेता रही थी।

भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी तथा तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल टीम ने अपना अभियान उप विजेता के तौर पर समाप्त किया।

पृथ्वी और साइ ने 71 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें चीन के हुआंग डि और लियू यांग से 14-21, 21-19, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा।

# विश्व चैंपियनशिप: गुकेश ने लिरेन को काले मोहरों से बराबरी पर रोका



फाइल फोटो

विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले के दौरान डिंग लिरेन और डी गुकेश।

एजेंसी, सिंगापुर

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच रविवार को यहां खेली गई विश्व शतरंज चैंपियनशिप की छठी बाजी ड्रॉ रही।

दोनों खिलाडियों के बीच लगातार तीसरा मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद स्कोर 3-3 हो गया। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। इस मैच का यह चौथ ड्रॉ मुकाबला था।

32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी जबकि 18 वर्षीय गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे। इससे पहले दूसरा, चौथा और पांचवां मुकाबला भी ड्रॉ पर छूटा था।

## अर्जुन एरिगेसी ने 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल की



ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी रविवार को गोल्ड स्तर की 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय और दुनिया के 16वें खिलाड़ी बने। वह नवीनतम शतरंज विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। इस साल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे 21 साल के एरिगेसी ने हाल में शतरंज ओलंपियाड में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के दौरान व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा टीम को खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। तेलंगाना के वारंगल में जन्में एरिगेसी ने 14 साल 11 महीने 13 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया था। सितंबर 2024 में वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### जय शाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद प्रमुख का कार्यभार संभाला



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निवर्तमान सचिव जय शाह ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले 5वें भारतीय हैं। छत्तीस साल के शाह पिछले पांच वर्षों से बीसीसीआई सचिव हैं। वह आईसीसी के निदेशक मंडल की सर्वसम्मत पसंद थे। शाह ने न्यूजीलैंड के वकील ग्रेग बार्कले का स्थान लिया, जो लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं थे। शाह से पहले व्यवसायी दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन विश्व क्रिकेट संस्था का नेतृत्व करने वाले भारतीयों में शामिल रहे हैं।

### धनश्री वर्मा की तसवीरें जीत रही फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर अपने मनमोहक डांस मूव्स और ग्लैमरस मौजूदगी के लिए मशहूर धनश्री वर्मा ने एक बार फिर अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से जमकर सुर्खियां बटोरीं है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जो फैंस का दिल जीत रही हैं। इन फोटो पर देखते ही देखते यूजर्स के रिएक्शन की बाढ़ आ गई।



### पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत



**मस्कट।** गत चैंपियन भारत ने पुरुषों के जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में चीनी ताइपे पर 16-0 की शानदार जीत के साथ के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिलराज सिंह ने चार गोल करके भारतीय आक्रमण का नेतृत्व किया, जबकि रोसन कुजूर और सौरभ आनंद कुशवाहा ने हैट्रिक लगाई। भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने चीनी ताइपे को कोई मौका नहीं दिया। कोच पीआर श्रीजेश द्वारा प्रशिक्षित टीम पूल-ए में 9 अंकों के साथ जापान (छह) से आगे है और टीम ने पूल चरण में एक मैच शेष रहते अंतिम-चार के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारत जूनियर एशिया कप के इतिहास में चार खिताब (2004, 2008, 2015, 2023) के साथ सबसे सफल टीम रही है।

### आंध्र के खिलाफ मुंबई की तरफ से वापसी करेंगे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली।** भारत की टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पारिवारिक समारोह में भाग लेने के लिए दो सप्ताह का 'ब्रेक' लेने के बाद मुंबई की तरफ से तीन दिसंबर को आंध्र के खिलाफ होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच से वापसी करेंगे। जैसा कि पहले भी देखने को मिला है, सूर्यकुमार संभवतः इस मैच में कप्तानी नहीं करेंगे और श्रेयस अय्यर ही कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराकर सीरीज जीती थी। वह आंध्र के खिलाफ होने वाले अगले मैच के लिए सोमवार को हैदराबाद में मुंबई की टीम से जुड़ेंगे।

### एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय जूनियर भारतीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सात से 15 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी महिला जूनियर एशिया कप के लिए रविवार को यहां ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। साक्षी राणा को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। निधि और अदिति माहेश्वरी के रूप में टीम में दो गोलकीपर है जबकि रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी मनीषा, ज्योति सिंह, लालथंतलुंगी, पूजा साहू और ममता ओरम संभालेंगी। मिडफील्ड में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीलिता टोप्पो, इशिका, रजनी केरकेट्टा, साक्षी राणा और खैदेम शिलेमा चानू जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। अग्रिम पंक्ति में शामिल दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग, कनिका सिवाच, मुमताज खान और लालरिनपुई पर टीम के लिए गोल करने की जिम्मेदारी होगी। बिनिमा धन और हिमांशी शरद गवांडे को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

# अभ्यास मैच में गिल ने जड़ा अर्धशतक

## मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान रोहित शर्मा



42.5 ओवर में हासिल किया 241 रनों का लक्ष्य

एजेंसी, कैनबरा

शुभमन गिल ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ वर्षा से प्रभावित गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि अभ्यास मैच में अर्धशतक के साथ अपनी अंगूठे की चोट से जुड़ी चिंताओं को दूर किया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता।

यह देखना होगा कि रोहित एडीलेड में शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में पारी का आगाज करने के लिए उतरते हैं या नहीं। प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे दिन मैच को 46 ओवर का कर दिया गया।

प्रधानमंत्री एकादश ने भारत को 241 रन का लक्ष्य दिया जो टीम ने 42.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके बाद पूरे ओवर बल्लेबाजी की और 46 ओवर में पांच विकेट पर 257 रन बनाए।

प्रधानमंत्री एकादश की ओर से ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में जगह बनाने के दावेदार सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास ने 97 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 107 रन की पारी खेली। भारतीय टीम प्रबंधन ने रणनीति के तहत विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को मुकाबले के लिए नहीं उतारा और इन दोनों ने नेट पर एक दूसरे का सामना किया।

पर्थ टेस्ट से बाहर रहने वाले रविचंद्रन अश्विन ने भी नेट पर कोहली को गेंदबाजी की। अश्विन ने 2020-21 में एडीलेड में भारत के गुलाबी गेंद के पिछले टेस्ट में चार विकेट चटकाए थे।

रविंद्र जडेजा ने हालांकि अभ्यास मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों की। उन्होंने पांच ओवर में 32 रन पर एक विकेट चटकाने के अलावा 27 रन भी बनाए। रोहित ने पहले टेस्ट में पारी का आगाज करने वाले यशस्वी जायसवाल और लोकेश राहुल को ही सलामी जोड़ी के रूप में उतारा और खुद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की। भारतीय कप्तान हालांकि सिर्फ 11 गेंद में तीन रन बनाने के बाद चार्ली एंडरसन (30 रन पर दो विकेट) की गेंद पर स्लिप में ओलिवर डेविस को कैच दे बैठे।

भारत के लिए हालांकि सबसे सुखद खबर गिल की बल्लेबाजी रही। उन्होंने आते ही तेज गेंदबाज माहली बियर्डमैन पर स्क्वायर कट से चौका जड़कर संकेत दिया कि उनके बाएं हाथ का अंगूठा फ्रेक्चर के बाद ठीक हो गया है और वह एडीलेड में खेलने के लिए तैयार हैं। गिल तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के खिलाफ भी काफी सहज दिखे। उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। वह 62 गेंद में 50 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हुए।

जायसवाल (59 गेंद में 45 रन), नितीश कुमार रेड्डी (32 गेंद में 42 रन) और वाशिंगटन सुंदर (36 गेंद में नाबाद 42) ने भी उम्दा पारियां खेली।

विकेटकीपर बल्लेबाजी ऋषभ पंत भी बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे जिससे मनुका ओवल में मौजूद लगभग एक हजार भारतीय प्रशंसकों को निराशा हाथ लगी।

इससे पहले पर्थ में टेस्ट पदार्पण के दौरान प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज हर्षित राणा (44 रन पर चार विकेट) ने एक बार फिर उम्दा गेंदबाजी की।

### क्रैग ब्रैथवेट ने लगातार सर्वाधिक टेस्ट खेलने का सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा



**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में उतरकर कैरेबियाई टीम की तरफ से लगातार सर्वाधिक मैच खेलने का गारफील्ड सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

ब्रैथवेट का यह लगातार 86वां टेस्ट मैच था। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान सोबर्स ने 1955 से लेकर 1972 तक लगातार 85 टेस्ट मैच खेले थे। पहले टेस्ट मैच में 201 रन से करारी हार झेलने वाले बांग्लादेश की दूसरे टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत नहीं रही। उसने बारिश से प्रभावित पहले दिन के खेल में टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 69 रन बनाए हैं।

खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल समाप्त किया गया तब शादमान इस्लाम 50 और शहादत हुसैन 12 रन पर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की तरफ से दोनों विकेट तेज गेंदबाज केमार रोच ने लिए हैं।

# मेजबान न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने आठ विकेट से दी मात



एजेंसी, क्राइस्टचर्च

इंग्लैंड ने मेजबान न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्से की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 254 रन पर ऑलआउट की। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के सामने 104 रनों का लक्ष्य रखा जिसे इंग्लैंड ने 12.4 ओवर में दो खोकर हासिल कर लिया।

न्यूजीलैंड केन विलियम्सन के अर्धशतक के बाद डेरिल मिचेल की 84 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड के खिलाफ बढ़त लेने में सफल रहा था। हालांकि, लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था और न्यूजीलैंड के गेंदबाज इसका बचाव नहीं कर सके। ब्राइडन कार्से ने इस मैच में कमाल की गेंदबाजी की। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले कार्से ने दूसरी पारी में 42 रन देकर छह विकेट झटके।

इस तरह कार्से मैच में कुल 10 विकेट लेने में सफल रहे। अपना तीसरा टेस्ट मैच खेलने वाले कार्से ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे, जबकि इंग्लैंड ने पहली पारी में 499 रन बनाकर 151 रन की बढ़त हासिल की थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए अपना पहला टेस्ट खेलने वाले जैकब बेथेल ने नाबाद 50 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# 'फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स' में शीतल देवी, अनमोल खरब, आयुष म्हात्रे चमके



शीतल देवी

एजेंसी, नई दिल्ली

पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी को 'फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स-2024' को साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा खिलाड़ी जबकि घरेलू क्रिकेट में तेजी से उभरते आयुष म्हात्रे और युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

फिक्की मुख्यालय में आयोजित समारोह में कई श्रेणियों में भारतीय खेलों में उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएफएस) नामित किया गया जबकि रग्बी इंडिया को सर्वश्रेष्ठ विकासात्मक कार्य का एनएसएफ पुरस्कार मिला। खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस पुरस्कार को लेने के बाद कहा, " यह पुरस्कार प्राचीन भारतीय खेल के विकास और प्रोत्साहन के लिए खो खो महासंघ द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों की पहचान है।"

पूर्व भारतीय महिला बास्केटबॉल कप्तान रसप्रीत सिद्धू को खेलों में लंबे समय तक योगदान देने का व्यक्तिगत पुरस्कार मिला, जबकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष डॉ. आदिल सुमारिवाला को 'लाइफटाइम अचीवमेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार मिला।

## फुटबॉल

## पालमास ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में 2-1 से दी मात

# बार्सिलोना की वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर पहली हार



फुटबॉल को किक करता बार्सिलोना का खिलाड़ी।

एजेंसी, बार्सिलोना

बार्सिलोना का वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर चल रहा विजय अभियान आखिरकार थम गया। उसे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के एक मैच में लास पालमास ने 2-1 से हरा दिया। लास पालमास के लिए सैंड्रो रामिरेज और फैबियो सिल्वा ने गोल किए जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल राफिन्हा ने किया। लास पालमास की पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय में बार्सिलोना में यह पहली जीत है।


बार्सिलोना ने नए कोच हैंसी फ्लिक के नेतृत्व में पहले तीन महीनों में शानदार प्रदर्शन किया। इस बीच उसने अपने घरेलू मैदान पर ला लिगा में अपने चिर-प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड और चैंपियंस लीग में बायर्न म्यूनिख को भी हराया था।

लास पालमास से हार से पहले उसने अपने घरेलू मैदान पर सभी आठ मैच जीते थे। लास पालमास ने 1971-72 सत्र के बाद बार्सिलोना में अपनी पहली जीत हासिल की। उसे इस बीच बार्सिलोना में 34 मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे। यह उसकी बार्सिलोना पर कुल मिलाकर तीसरी जीत है। इस अप्रत्याशित हार ने बार्सिलोना की 125वीं वर्षगांठ के जश्न को भी फीका कर दिया।

**स्कोर कार्ड**

| बार्सिलोना | | पालमास |
|---|---|---|
| 27 | शॉट | 05 |
| 08 | लक्ष्य पर शॉट | 03 |
| 71% | नियंत्रण | 29% |
| 618 | पास | 263 |
| 07 | फाउल | 11 |
| 00 | येलो कॉर्ड | 00 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 02 | ऑफ साइड | 05 |
| 07 | कार्नर | 00 |

### एचआईएल में यूपी रुद्रास का नेतृत्व करेंगे हार्दिक सिंह



**लखनऊ।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए यूपी रुद्रास का कप्तान नियुक्त किया गया है। यदु स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली लखनऊ फ्रेंचाइजी की टीम में प्रियोबर्त तालेम और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों के अलावा भारत और अंतरराष्ट्रीय हॉकी के कुछ दिग्गज खिलाड़ी जैसे ललित कुमार उपाध्याय, सिमरनजीत सिंह, लार्स बाल्क और केन रसेल शामिल हैं।

यदु स्पोर्ट्स के सह-संस्थापक माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा," यदु स्पोर्ट्स परिवार की ओर से मैं हार्दिक को टीम का कप्तान घोषित किए जाने पर बधाई देना चाहता हूं। मुझे नीलामी में पॉल, थॉमस और सेड्रिक से मिलने का मौका मिला। हमने बहुत अच्छी टीम तैयार की है जिसमें कई नेतृत्वकर्ता हैं।"